रोहतक

मंगलवार 3 फरवरी 2026

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 29, अंक : 365
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00


**मौसम**
अधि. 20.8
न्यून. 6.6


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,666.46 | 943.52 ▲ |
| निफ्टी | 25,088.40 | 262.95 ▲ |

| धातु | कीमत | नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,55,000/- | 13101/- ▼ |
| चांदी | 2,42,416/- | 87130/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 91.51 | 42 पैसे ▲ |

क्रूड ऑयल 65.94 बैरल 4.88% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा, सिरसा में स्कूल बस और पिकअप की भिड़ंत में ड्राइवर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



**मौसम में बार-बार बदलाव से किसान चिंतित ओलावृष्टि की आशंका कर रही परेशान**

प्रदेश में सोमवार सुबह कई जिलों में घना कोहरा छाया। सोनीपत, पानीपत, सिरसा, फतेहाबाद और कैथल में विजिबिलिटी 5 मीटर से भी कम रही। पानीपत में सुबह के समय जीरो विजिबिलिटी रही। धुंध के कारण कई जगह हादसे हुए। कोहरे के चलते सिरसा में स्कूल बस और पिकअप की टक्कर होने से पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई तो वहीं, हिसार के बरवाला में हाईवे से रोडवेज की बस नीचे उतर गई। जिसमें सवार 6 लोग घायल हो गईं। बस कुरुक्षेत्र डिपो की बस सालासर जा रही थी। बार-बार बदल रहे मौसम के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल और पानीपत में हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विभाग ने उत्तरी हरियाणा के 8 जिलों के लिए ठंड का यलो अलर्ट भी जारी किया है।

### आगे कैसा रहेगा मौसम

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से बादलवाई के कारण रात के तापमान में मामूली बढ़ोतरी देखी जा सकती है। न्यूनतम तापमान 8 डिग्री से 11 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। हालांकि, बारिश के बाद चलने वाली उत्तर-पश्चिमी ठंडी हवाएं रात की ठिठुरन को बढ़ा देंगी। आने वाले दिनों में जब आसमान साफ होगा, तब रात के तापमान में फिर से 2-3 डिग्री की गिरावट आने की उम्मीद है। सोमवार को सिरसा 6.6 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा रहा। करनाल में 9.7 डिग्री तापमान रहा।

# लंदन से आ रहे एयर इंडिया ड्रीमलाइनर का फ्यूल स्विच दो बार बंद, अहमदाबाद हादसे में ऐसा ही हुआ था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



**सोमवार को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए भरनी थी उड़ान**

लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइन को फ्लाइट ऑपरेशन से हटा दिया गया है। एयरलाइन के मुताबिक, फ्लाइट एआई 132 को उड़ान भरनी थी, लेकिन पायलट ने बताया कि प्लेन का फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने के दौरान 2 बार पोजिशन से कटऑफ हुआ। इसके बाद प्लेन को ऑपरेशन से हटा दिया गया। प्लेन में आई खराबी की जांच में ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर ओईएम यानी बोइंग कंपनी) को शामिल किया गया है। मामले की जानकारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को भी दी गई है। एयरलाइन ने बताया कि डीजीसीए के निर्देश के बाद उसने अपने पूरे बोइंग 787 फ्लीट के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच की थी, जिसमें कोई समस्या सामने नहीं आई थी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश भी फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने में दिक्कत की वजह से हुआ था।

### फ्यूल कंट्रोल स्विच का काम और तकनीक

फ्यूल कंट्रोल स्विच विमान के कॉकपिट में थ्रस्ट लीवर के पास होते हैं। ये इंजन में फ्यूल की सप्लाई को कंट्रोल करते हैं। इसका मुख्य काम इंजन में फ्यूल की सप्लाई को शुरू करना (रन पोजिशन) या बंद करना (कटऑफ पोजिशन) है। हर इंजन के लिए अलग-अलग फ्यूल कंट्रोल स्विच होता है। उदाहरण के लिए, बोइंग 787 में दो इंजन हैं, तो दो स्विच होंगे- एक बाएं इंजन के लिए, एक दाएं के लिए।

## खबर संक्षेप

### बदरीनाथ मंदिर ने ओढ़ी बर्फ की चादर



**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में सोमवार को ताजा बर्फबारी के बाद बर्फ से ढके पहाड़ों के बीच बदरीनाथ मंदिर दिखाई दे रहा है। इस समय बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद हैं। इस साल बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को सुबह 6:15 बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम 19 अप्रैल को खुलेंगे। *एजेंसी*

### सिंगर ओलिविया डीन ने जीता ग्रैमी अवॉर्ड



**नई दिल्ली।** ग्रैमी अवॉर्ड 2026 में कई संगीत जगत के कलाकारों ने शिरकत की। इस बार कुछ कलाकार ऐसे थे, जिन्हें पहली बार ग्रैमी अवॉर्ड मिला। इस सूची में सिंगर ओलिविया डीन भी शामिल रहीं। उन्होंने अवॉर्ड लेने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई प्रवासी नीति का विरोध किया। मंच पर अपनी जिंदगी और परिवार के बारे में जिक्र किया। *एजेंसी*

### सीबीआई ने मारे 10 राज्यों के 35 ठिकानों पर छापे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान 'ऑपरेशन साइ-स्ट्राइक' शुरू किया है। इस अभियान में सीबीआई ने अमेरिका की एफबीआई, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड और सिंगापुर की एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया। 30 जनवरी 2026 को शुरू हुए इस मल्टीनेशनल ऑपरेशन के तहत सीबीआई ने देश के 10 राज्यों और दिल्ली में एक साथ छापेमारी की। *एजेंसी*

*ट्रंप और मोदी के बीच वार्ता के बाद बनी सहमति*

# ट्रेड डील : भारत पर अब 18 फीसदी अमेरिकी टैरिफ

## ट्रंप बोले-भारत रूसी तेल खरीदना बंद करके वेनेजुएला से खरीदेगा | मोदी बोले-'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर शुल्क 18 फीसदी रह जाएगा | आज व्यापार समझौते पर संसद में बयान दे सकती है सरकार

भाषा ▶▶ नई दिल्ली


भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर सहमति बनी है, जिसके तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर लगने वाला जवाबी शुल्क मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत के बाद यह जानकारी दी। ट्रंप ने दावा किया कि भारत अमेरिका के खिलाफ शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को खत्म करने की दिशा में आगे बढ़ेगा। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति ट्रंप से बात करके बहुत अच्छा लगा। यह जानकर बेहद खुशी हुई कि अब 'मेड इन इंडिया' उत्पादों पर शुल्क घटकर 18 फीसदी रह जाएगा। इस शानदार घोषणा के लिए भारत की 1.4 अरब जनता की ओर से राष्ट्रपति ट्रंप को हार्दिक धन्यवाद।'' मोदी ने कहा कि जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र एक साथ मिलकर काम करते हैं, तो इससे लोगों को लाभ होता है और पारस्परिक लाभकारी सहयोग के अपार अवसर खुलते हैं। मोदी ने कहा कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का नेतृत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारत शांति के लिए उनके प्रयासों का पूर्ण समर्थन करता है।

### ऐसे बनी सहमति

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने मोदी से फोन पर बात की
- दोनों नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी जानकारी

### डोनाल्ड बोले- हमसे 500 अरब डॉलर का सामान खरीदेगा भारत

ट्रम्प ने जानकारी देते हुए कहा कि डील में 500 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के अमेरिकी ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, कृषि, कोयला और अन्य उत्पादों की खरीद शामिल है। ट्रंप ने कहा, भारत के साथ हमारे पहले से शानदार संबंध और मजबूत होंगे।



### डील से क्या बदलेगा?

- डील से भारत अब अमेरिका से ज्यादा सामान खरीदेगा। इसमें ऊर्जा, टेक्नोलॉजी और कृषि उत्पाद प्रमुख हैं।
- अमेरिका भारत से आने वाले कुछ सामानों पर कम टैरिफ लगाएगा। भारत का रूसी तेल खरीदना कम करना भी इस डील का एक अहम हिस्सा है।
- यह भारत के लिए बड़ा कदम है क्योंकि वह अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए तेल के बड़े आयात पर निर्भर है।
- अमेरिका के लिए यह एक बड़ी जीत है क्योंकि वह अपने व्यापार घाटे को कम करना चाहता है और अपने उत्पादों के लिए नए बाजार तलाश रहा है। यह डील दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को और मजबूत करेगी।

### ट्रम्प का शुक्रिया : मोदी

पीएम मोदी ने लिखा कि मुझे राष्ट्रपति ट्रम्प से बात करके बहुत खुशी हुई। यह जानकर बेहद संतोष है कि अब मेड इन इंडिया उत्पादों पर टैरिफ घटाकर 18% कर दिया गया है। इस शानदार फैसले के लिए मैं भारत के 1.4 अरब लोगों की ओर से राष्ट्रपति ट्रम्प का दिल से धन्यवाद करता हूं। जब दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएं और सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश मिलकर काम करते हैं, तो इसका सीधा फायदा हमारे लोगों को मिलता है और आपसी सहयोग के नए और बड़े मौके खुलते हैं। वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प का नेतृत्व बेहद अहम है।

### मोदी मेरे अच्छे मित्र : ट्रंप

ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा- आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और अपने देश के एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं। हमने कई मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने का विषय भी शामिल था। बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने सहमति जताई कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा और अमेरिका से कहीं ज्यादा तेल खरीदेगा। इसके अलावा वेनेजुएला से तेल खरीदने की संभावना पर भी बात हुई। मेरा मानना है कि इससे यूक्रेन में चल रहा युद्ध खत्म करने में मदद मिलेगी, जहां हर हफ्ते हजारों लोगों की जान जा रही है।

### व्यापार समझौते की खबर से बेहद खुश : सर्जियो गोर

इस बीच, भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जैसा कि मैंने कई बार कहा है कि राष्ट्रपति ट्रंप वास्तव में प्रधानमंत्री मोदी को अपना सच्चा मित्र मानते हैं। आज शाम व्यापार समझौते की खबर से बेहद खुश हूं। अमेरिका और भारत के बीच संबंधों में असीमित संभावनाएं हैं।

## ग्रुप-सी भर्ती में एचएसएससी ने पदों की संख्या बढ़ाई

# स्टेनो टाइपिस्ट के 193 पद बढ़े, 6 तक करें आवेदन



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी और राहत भरी खबर है। आयोग ने निकाली गई ग्रुप सी की भर्तियों में बड़ा फेरबदल करते हुए पदों की संख्या में भारी बढ़ोतरी कर दी है। 6 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन शुरू होंगे। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने अलग-अलग कैटेगरी में पदों की संख्या में बढ़ोतरी की है। संशोधन के बाद ग्रुप-2 के अंतर्गत स्टेनो टाइपिस्ट के पदों की संख्या 486 से बढ़ाकर 586 कर दी गई है। वहीं, ग्रुप 3 के अंतर्गत स्टेनो टाइपिस्ट के पद 696 से बढ़कर 702 हो गए हैं। ग्रुप 3 में जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पदों की संख्या 173 से बढ़ाकर 260 कर दी गई है। इसके आलावा आयोग ने आवेदन प्रक्रिया की तारीख में भी बदलाव किया है। पहले आवेदन 2 फरवरी यानी आज से शुरू होने थे, मगर अब ये 6 फरवरी 2026 से शुरू होंगे। ऐसे में उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन से पहले आधिकारिक नोटिस को ध्यान से पढ़ें। जानकारी और संशोधित विज्ञापन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट hssc.gov.in पर उपलब्ध है।

### आयोग की अपील, ध्यान से भरें फॉर्म

आयोग ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे आदेवन करने से पहले संशोधित विज्ञापन और सभी दिशानिर्देशों को ध्यान से पढ़ लें ताकि किसी भी तरह की गलती से बचा जा सके। वहीं भर्ती से जुड़ी डीटेल्ड जानकारी और आधिकारिक नोटिस हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर दिया गया है। इस भर्ती के तह ग्रुप संख्या 3 के अंतर्गत आने वाले जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पदों में सबसे बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इसमें पहले पदों की संख्या 173 थी, जिसे बढ़ाकर 260 कर दिया गया है।

# प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या, रेलवे ट्रैक पर फेंका शव

**पत्थरों से पीट-पीटकर मार डाला 50 दिन बाद घटना का हुआ खुलासा मृतक के भाई ने कपड़ों से की पहचान**

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा के फरीदाबाद में एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। हत्या को हादसा दिखाने के लिए उसके शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया। ट्रेन की चपेट में आने से शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। पहचान नहीं होने पर अंतिम संस्कार भी कर दिया। मगर, 50 दिन बाद पुलिस के पास पहुंचे एक युवक ने अपने भाई के लापता होने की शिकायत दी। पुलिस ने जब शव के फोटो और कपड़े दिखाई तो युवक ने उसकी पहचान अपने भाई सुमन के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने इन्वेस्टिगेशन आगे बढ़ाई तो सबसे पहला शक सुमन की पत्नी अंजनी पर गया, जो उसके लापता होने के बाद से ही अपने मायके चली गई थी। पुलिस ने उसे थाने बुलाकर पूछताछ की तो उसने मुस्लिम प्रेमी संग मिलकर सुमन की हत्या की बात कबूल कर ली।

# हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी से

**कैबिनेट बैठक में फैसला**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में सोमवार की देर हरियाणा कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र की तारीख पर मुहर लग गई। बैठक के बाद सीएम नायब सैनी की ओर से जानकारी दी गई कि बजट सत्र 20 फरवरी को सुबह 11:00 शुरू होगा। करीब दो घंटे देनी यानी छह बजे कैबिनेट बैठक शुरू हुई, जो देर रात तक चली। ये इस साल की दूसरी मीटिंग है। इससे पहले सीएम नायब सैनी ने एक जनवरी को कैबिनेट मीटिंग बुलाई थी। इसमें बजट सत्र की 20 फरवरी से शुरुआत होने की उम्मीद थी। मीटिंग खत्म होने के बाद बैठक में हुए अन्य फैसलों की जानकारी नहीं दी गई।

# ममता मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलीं बोलीं-आयुक्त अहंकारी और झूठे

**आयोग ने कहा, दुर्व्यवहार किया, मेज थपथपाई और बैठक छोड़कर चली गईं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के खिलाफ काली शॉल ओढ़कर दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की। उनके साथ एसआईआर प्रभावित 13 परिवार और टीएमसी के नेता भी थे। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि ममता ने अपने मुद्दे मुख्य चुनाव आयुक्त को बताए लेकिन उनका जवाब सुने बिना ही नाराज होकर चली गईं। मुलाकात के बाद ममता ने कहा, मैं बहुत दुखी हूं। मैं दिल्ली की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हूं। मैंने आज तक ऐसा अहंकारी और झूठा चुनाव आयुक्त नहीं देखा। वहीं, निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस की नेता ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर हुई बैठक के दौरान झूठे आरोप लगाए, दुर्व्यवहार किया, मेज थपथपाई और बैठक छोड़कर चली गईं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बनर्जी द्वारा उठाए गए सवालों का जवाब दिया।



**मुद्दों पर चर्चा किए बिना ही बैठक छोड़ी**

**जनरल नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' पर बवाल**

# राहुल के बयान पर संसद में हंगामा, बोले भारत की सीमा में पहुंच गए थे चीनी टैंक

## राजनाथ सिंह बोले-सदन को गुमराह कर रहे नेता विपक्ष | शाह ने कहा-संसद के नियम मानें व गरिमा बनाए रखें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में सोमवार को राहुल गांधी के भाषण के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। राहुल ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड बुक का हवाला देते हुए कहा- 4 चीनी टैंक लद्दाख बॉर्डर के पास पहुंच गए थे। राहुल ने आरोप लगाया कि सरकार इस बात से डरी हुई है कि किताब की बातें सामने आईं तो देश को भाजपा के दोनों प्रमुख नेताओं की असलियत पता चल जाएगी और यह भी मालूम पड जाएगा कि चीन के सामने '56 इंच की छाती' का क्या हुआ। राहुल गांधी की ओर से कई बार यह मुद्दा उठाए जाने की कोशिश करने पर सदन में सत्तापक्ष और कांग्रेस के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हुई।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि वह ''काल्पनिक बातें'' करके सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं और सेना पर सवाल उठा रहे हैं। राजनाथ सिंह ने सवाल उठाया कि नेता प्रतिपक्ष को बताना चाहिए कि वह जिस पुस्तक का उल्लेख कर रहे हैं, वो प्रकाशित हुई है या नहीं। राजनाथ ने कहा, मैं जानना चाहता हूं कि राहुल जी को ये बातें कहां से पता चलीं वे बताएं। वहीं, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल पर हमला बोलते हुए कहा कि वह मैग्जीन की रिपोर्ट है, जनरल नरवणे ने ऐसा नहीं कहा है। मैगजीन तो कुछ भी लिख सकता है। अप्रकाशित सामग्री का हवाला देकर सदन को गुमराह करना संसद के नियमों के खिलाफ है, इसे प्रक्रियात्मक दृष्टि से उचित माना जा सकता है, लेकिन यह अतार्किक है।

## कोर्ट ने पूछा-सरकार इस व्यापक पर्यावरण विनाश से कैसे निपटेगी

**मुख्य सचिव से हलफनामा तलब करते हुए दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश**

# अरावली में अवैध खनन प्राकृतिक संसाधनों की खुली लूट : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** अरावली की पहाड़ियों में चल रही अवैध खनन की खुली लूट पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बेहद सख़्त टिप्पणी करते हुए इसे "प्राकृतिक संसाधनों की लूट और पर्यावरण की तबाही" करार दिया है और हरियाणा के मुख्य सचिव से व्यक्तिगत हलफनामा तलब करते हुए पूछा है कि सरकार इस व्यापक पर्यावरण विनाश से कैसे निपटेगी और दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी कैसे तय होगी, चरखी दादरी जिले के पिचोपा कलां गांव में स्थित स्टोन माइनिंग साइट को लेकर यह मामला सामने आया, जहां अदालत ने पाया कि स्वीकृत 11 हेक्टेयर क्षेत्र से कहीं ज़्यादा इलाके में खनन कर पहाड़ियां तक गायब कर दी गईं और जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए, इस मामले की सुनवाई कर रही खंडपीठ जस्टिस अश्विनी कुमार मिश्रा और जस्टिस रोहित कपुर ने कहा कि यह केवल एक खनन विवाद नहीं बल्कि पर्यावरण और जनहित से जुड़ा गंभीर मामला है, अदालत ने प्रारंभिक तौर पर अधिकारियों की मिलीभगत से भी इनकार नहीं किया और राज्य तंत्र की लापरवाही को चौंकाने वाला बताया। याचिका पिचोपा कलां के निवासियों और धर्मपाल स्टोन क्रशर के संचालक की ओर से दाखिल की गई थी, जिसमें निजी लीज धारक जय दादा दोहला स्टोन माइंस पर आरोप लगाया गया कि उसने खसरा नंबर 109 और 110 में स्वीकृत क्षेत्र से कई गुना अधिक खनन कर डाला, याचिकाकर्ताओं द्वारा लगाए गए फ़ोटो और दस्तावेज़ों के बाद अदालत ने वकील कंवल गोयल को लोकल कमिश्नर नियुक्त किया, जिनकी रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि नौ में से केवल छह सीमा स्तंभ मौजूद हैं और तीन पूरी तरह गायब हैं।

### किसी भी नियम का पालन नहीं हुआ

कोर्ट ने पाया कि यह भूमि राजस्व रिकार्ड में "ग़ैर मुमकिन पहाड़" दर्ज है और पर्यावरण मंजूरी की शर्तों हर वर्ष 600 पेड़ लगाने, हरित पट्टी विकसित करने, बेंच फ़ॉर्मेशन करने और भूजल स्तर से तीन मीटर ऊपर तक ही खनन सीमित रखने में से लगभग किसी का भी पालन नहीं हुआ, अदालत ने कहा कि जो आंखों से दिख रहा है वह केवल परेशान करने वाला ही नहीं बल्कि हैरान कर देने वाला भी है और यह प्रथम दृष्टया पर्यावरणीय नियमों के घोर उल्लंघन का मामला है।

### कैदियों की माफी-समय से पहले रिहाई पर हाईकोर्ट सख्त

हरियाणा पंजाब हाईकोर्ट ने सोमवार को पंजाब और हरियाणा राज्यों को कैदियों की माफी और समय से पहले रिहाई के लिए पात्रता मानदंडों पर एक तुलनात्मक चार्ट संयुक्त रूप से तैयार करने और दाखिल करने का निर्देश दिया, क्योंकि यह पाया गया कि अलग-अलग नीतियां अपनाई जा रही थी। मुख्य न्यायाधीश शील नागू की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि जहां तक माफी के हकदार कैदियों की पात्रता का संबंध है, कुछ मामूली अंतर हैं। कैदियों की सजा में छूट और समय से पहले रिहाई से संबंधित मुद्दों पर सर्वोच्च न्यायालय के स्वतः संज्ञान लेने के निर्णय के बाद यह मामला पीठ के समक्ष रखा गया था।

## हरियाणा में 10 जजों के तबादले, तुरंत चार्ज छोड़ने का आदेश

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए हरियाणा कैडर के 10 न्यायिक अधिकारियों के तबादले और नई तैनातियां कर दी हैं। आदेश के अनुसार सभी अधिकारी तत्काल अपना वर्तमान कार्यभार छोड़कर नई पोस्टिंग पर योगदान देंगे ताकि जिला न्यायालयों में लंबित मामलों के निपटारे में तेजी लाई जा सके। यह आदेश माननीय मुख्य न्यायाधीश एवं सभी न्यायाधीशों की स्वीकृति से जारी किया है। आदेश जारी किए हैं।

- **अजय तेवतिया** को झज्जर से रोहतक जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया
- **सुश्री कंचन माही** को अंबाला से कैथल जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया
- **डॉ. गगनदीप कौर** को चरखी दादरी जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया
- **राज कुमार यादव** को जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नामित किया गया
- **डॉ. दया नंद भारद्वाज** को जगाधरी का जिला एवं सत्र न्यायाधीश बनाया गया
- **वीरेंद्र मलिक** को अंबाला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया
- **संजय संधीर** को वापस बुलाकर पंचकूला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर तैनात किया गया है। हिसार में अपर जिला एवं सत्र
- **सुश्री नताशा शर्मा** को हिसार एनडीपीएस फास्ट ट्रैक विशेष अदालत का प्रभार सौंपा गया।
- **शिफा करन सिंह** को जींद में पॉक्सो मामलों की फास्ट ट्रैक विशेष अदालत का दायित्व सौंपा गया
- **डॉ. सविता कुमारी** को करनाल में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, फैमिली कोर्ट बनाया गया है, जबकि परवीन कुमार को प्रधान न्यायाधीश के रूप में पुनर्नामित किया गया है।

### खबर संक्षेप

## कुरुक्षेत्र में 6 से 8 तक पशु मेला और प्रदर्शनी

**चंडीगढ़।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आगामी 6 से 8 फरवरी तक कुरुक्षेत्र में लगने वाले मेला एवं प्रदर्शनी में पशुपालन की नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जाएगी। राज्य सरकार का प्रयास है कि पशुपालक उत्तम नस्लों के पशु रखें तथा वैज्ञानिक विधि से उनका पालन करें ताकि वो कम लागत में अधिक से अधिक आमदनी कर सकें। राणा ने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित की जाने वाली 41वीं राज्यस्तरीय पशु प्रदर्शनी में उत्कृष्ट नस्लों के लगभग 1500 पशु 53 विभिन्न श्रेणियों में भाग लेंगे। पशुपालकों के प्रोत्साहन हेतु सर्वश्रेष्ठ पशुओं के मालिकों को लगभग 50 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी।

## नरेला में फ्लैट आवंटन को डीडीए ने मांगे आवेदन

**चंडीगढ़।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने सेवारत और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के लिए अपनी 'कर्मयोगी आवास योजना–2025' के अंतर्गत रेडी-टू-मूव आवासीय फ्लैटों के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस संबंध में डीडीए से आधिकारिक पत्र प्राप्त होने के उपरांत, हरियाणा के मुख्य सचिव कार्यालय ने इस योजना की जानकारी राज्य सरकार के कर्मचारियों तक विभागों एवं अधीनस्थ कार्यालयों समेत उपयुक्त आधिकारिक माध्यमों से प्रसारित कर दी है।

### फतेहाबाद के पीली मंदौरी में राज्य स्तरीय समारोह में नामी कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि

# पंडित जसराज भारतीय शास्त्रीय संगीत के 'स्वर-सूर्य': मुख्यमंत्री

### नायब सैनी ने पं. जसराज की प्रतिमा का अनावरण किया शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पंडित जसराज जी भारतीय शास्त्रीय संगीत के ऐसे 'स्वर-सूर्य' थे, जिनकी आभा ने न केवल देश बल्कि पूरे विश्व को आलोकित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय शास्त्रीय संगीत के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में सदैव स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री सोमवार को पद्म विभूषण, पद्मश्री एवं संगीत मार्तण्ड पंडित जसराज जी की 96वीं जयंती के अवसर पर जिला फतेहाबाद के गांव पीली मंदौरी में संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर पंडित जसराज जी की प्रतिमा का अनावरण किया तथा शहीद स्मारक पर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस समारोह में आने से पहले आज सुबह उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से हुई है और उन्हें इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने हरियाणा वासियों को राम-राम भेजी है और पंडित जसराज जी को श्रद्धांजलि दी है।



चंडीगढ़। फतेहाबाद के पीली मंदोरी में पंडित जसराज की जयंती पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम के दौरान उनकी प्रतिमा का अनावरण करते हुए सीएम नायब सिंह सैनी।



चंडीगढ़। राज्य स्तरीय महोत्सव में पहुचे लोगों का अभिवादन स्वीकारते सीएम नायब सिंह सैनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### व्यक्ति नहीं, संस्था थे पंडित जसराज

सीएम नायब सैनी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि हम पंडित जसराज की जयंती के साथ–साथ पंडित जसराज कल्चरल फाउंडेशन की चौथी वर्षगांठ भी मना रहे हैं। इसकी नींव वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रखी थी। यह फाउंडेशन पंडितजी की शास्त्रीय विरासत को सहेज रहा है। पंडित जसराज व्यक्ति नहीं संस्था थे। पंडित जसराज की साथ ही, इसे नई पीढ़ियों तक पहुंचाने का पवित्र काम भी कर रहा है।

### अनूप जलोटा ने सुनाया-मीरा हो गई मग्न

कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अनूप जलोटा ने भी पंडित जसराज का संगीत में योगदान याद किया। उन्होंने मीरा हो गई मग्न, लागी ऐसी लग्न भजन सुनाया। उन्होंने कहा कि पीलीमंदोरी गांव में ऐसा भव्य आयोजन हो सका, यह सब सीएम नायब सैनी की वजह से ही संभव हो पाया। कार्यक्रम में कई जानीमानी हस्तियों पहुंची।

### सीएम ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात कर राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की



हरियाणा के मुख्यमंत्री ने इसके बाद भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की। इस भेंट के बाद उन्होंने एक्स पर लिखा, "नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट हुई। इस अवसर पर संगठन की मजबूती, आगामी राजनीतिक गतिविधियों तथा केंद्र-राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई।"

### गुरु रविदास के नाम पर आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण पीएम का ऐतिहासिक फैसला: सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने की पीएम मोदी से मुलाकात



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंजाब के आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण रविदास जी के नाम से किए जाने पर पीएम नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात कर उनका धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह ऐतिहासिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सैनी नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। हमारे लिए बड़े गर्व का विषय है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती के पावन अवसर पर प्रधानमंत्री ने आदमपुर एयरपोर्ट को श्री गुरु रविदास महाराज जी एयरपोर्ट का नाम दिया।

## मानव जीवन सर्वोपरि, गैर-मान्यता प्राप्त अस्पताल में इलाज पर भी पूरा मेडिकल रिइम्बर्समेंट दे: हाईकोर्ट

■ बेटे की हृदय प्रत्यारोपण के बाद मौत पर मांगा था मेडिकल खर्च

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने एक बेहद संवेदनशील और मानवीय फैसले में स्पष्ट कर दिया कि मानव जीवन की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और उसे किसी भी प्रशासनिक नियम या तकनीकी अड़चन से नीचे नहीं रखा जा सकता, इसी सिद्धांत पर चलते हुए हाईकोर्ट ने संबंधित संगठन को आदेश दिया है कि वह एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को उसके पुत्र के आपातकालीन हृदय प्रत्यारोपण पर हुए 20.30 लाख का पूरा मेडिकल रिइम्बर्समेंट दे, भले ही इलाज किसी गैर-मान्यता प्राप्त अस्पताल में हुआ हो, यह मामला उस पिता का है जिसका बेटा जन्म से ही गंभीर हृदय रोग से पीड़ित था और डॉक्टरों ने उसे तत्काल हार्ट ट्रांसप्लांट की सलाह दी थी, शुरू में उसे मान्यता प्राप्त अस्पतालों में भर्ती कराया गया लेकिन जब कहीं भी डोनर नहीं मिला तो मजबूरी में उसे एक ऐसे अस्पताल में ले जाया गया जो संगठन की सूची में शामिल नहीं था, वहीं अगस्त 2023 में प्रत्यारोपण किया गया लेकिन दुर्भाग्यवश अगले ही दिन उसकी मृत्यु हो गई।

## रेलवे बजट में हिसार-अग्रोहा-फतेहाबाद सिरसा रेल लाइन की अनदेखी: सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद और कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सैलजा ने रेलवे बजट 2026-27 में हिसार-अग्रोहा-फतेहाबाद-सिरसा नई रेल लाइन परियोजना के लिए किसी प्रकार का बजटीय प्रावधान न किए जाने पर गहरी निराशा और रोष व्यक्त किया है। अनेक वर्षों से वे संसद और मंत्रालय स्तर पर इस रेल लाइन की निरंतर मांग उठाती रही हैं। यह केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र विशेषकर अग्रवाल समाज, किसानों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम यात्रियों की लंबे समय से जुड़ी जीवन रेखा की मांग है। इस रेल मार्ग से हिसार, अग्रोहा, फतेहाबाद और सिरसा के बीच सीधा रेल संपर्क स्थापित होता।

## पशु-पक्षियों के संरक्षण में जनभागीदारी जरूरी: राव नरबीर

■ मंत्री ने किया हरियाणा पक्षी उत्सव–2026 के पोस्टर का विमोचन

**चंडीगढ़।** सूबे के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि पशु-पक्षियों का आदिकाल से हमारे जीवन में विशेष महत्व रहा है। देवी-देवताओं का भी पशु-पक्षियों से गहरा संबंध रहा है, जो हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। इनके संरक्षण के लिए सरकारी प्रयासों के साथ-साथ जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। वे विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वन मंत्री ने 2 फरवरी से 21 फरवरी तक प्रदेश में आयोजित होने वाले प्रथम हरियाणा पक्षी उत्सव-2026 के पोस्टर का विमोचन किया तथा उत्सव के दौरान होने वाली गतिविधियों के कैलेंडर का लोकार्पण किया।

## ई-नीलामी के माध्यम से प्लॉट आवंटन से पूर्व विकास कार्य हो पूर्ण

■ राइट टू सर्विस कमीशन ने एचएसवीपी को दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने फरीदाबाद से संबंधित एक ई-नीलामी प्रकरण में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। यह मामला सेक्टर-89, फरीदाबाद में स्थित एक प्लॉट से संबंधित है। आयोग ने आदेश में कहा है कि ई-नीलामी के माध्यम से प्लॉट आवंटन से पूर्व संबंधित स्थल पर विकास कार्यों का पूर्ण होना आवश्यक है, ताकि आवंटी बिना किसी असुविधा के निर्माण कार्य कर सकें। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह एक निहित शर्त है कि विकास कार्य पूरे किए बिना किसी भी प्लॉट को ई-नीलामी में नहीं डाला जाना चाहिए। आयोग के संज्ञान में आया कि 11 अक्टूबर, 2023 को एचएसवीपी द्वारा आवंटन पत्र जारी करते हुए प्लॉट का कब्जा भी ऑफर कर दिया गया।

## शहरी निकायों के चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेगा इनेलो: अभय चौटाला

■ इनेलो की राज्य स्तरीय बैठक में तैयार की जाएगी

**चंडीगढ़।** भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बाद अब इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने भी तीन नगर निगमों समेत विभिन्न शहरी निकायों के चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ने की घोषणा की है। इन चुनाव की रणनीति मंगलवार को हिसार में होने वाली इनेलो की राज्य स्तरीय बैठक में तैयार की जाएगी। बैठक में बुजुर्गों की काटी जा रही पेंशन और समय पर इसका आवंटन नहीं होने के मुद्दे पर भी विचार विमर्श किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो इनेलो की ओर से पूरे राज्य में आंदोलन चलाया जाएगा। चंडीगढ़ में मीडिया से बात करते हुए इनेलो प्रमुख अभय सिंह चौटाला ने कहा कि पूरे प्रदेश में बुजुर्ग लोगों की पेंशन काटी जा रही है।

### सीएम सैनी का व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद पड़ोसी राज्य पर फोकस

# चुनाव नजदीक, पंजाब में भाजपा के नेताओं की सक्रियता बढ़ी

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब विस के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे पंजाब में भाजपा के दिग्गज नेताओं की सक्रियता बढ़ती जा रही है। एक दिन पहले जहां देश के पीएम नरेंद्र मोदी आदमपुर एयरपोर्ट का नाम गुरु रविदास जी एयरपोर्ट करने की घोषणा की, वहीं अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी पंजाब में सक्रिय हैं। सैनी सुबह से लेकर देर रात तक सोमवार को व्यस्त रहे। इस भागदौड़ भरे शेड्यूल में उन्होंने जहां दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की है। वहीं, उन्होंने प्रधानमंत्री से भी मुलाकात कर केंद्रीय बजट सहित तमाम मुद्दों पर वार्ता की। पीएम मोदी के साथ में वार्ता के दौरान बताया जा रहा है कि हरियाणा के अंबाला में बनने वाले शहीद स्मारक को लेकर भी देश के पीएम को उदघाटन के लिए आना है। सीएम प्रदेश के अंदर जल्द से जल्द पीएम के कार्यक्रम को लेकर भी गंभीर हैं।

### 16 हजार करोड़ रुपये दिए पीएम ने

सैनी ने लोगों से संवाद में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंजाब के किसानों की समस्या को समझा और 16 हजार करोड़ रुपये देने का काम किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने पंजाब के आदमपुर एयरपोर्ट का नामकरण संत शिरोमणि गुरू रविदास जी के नाम से किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है। मोदी ने ऐतिहासिक फैसला लिया है। गुरु रविदास जी की जयंती के कार्यक्रम के बहाने से भाजपा एक तीर से कई निशाने साधने का काम कर रही है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः 1, अरविन, M/s. PRG एंटरप्राइजेज के पार्टनर, निवासीः RS कॉलोनी, महिंद्रा वर्कशॉप के पास, मेन बंगलो रोड, हिसार–125001, हरियाणा और अभियुक्त नंबर 2 युद्धवीर, M/s. PRG एंटरप्राइजेज के पार्टनर, निवासीः RS कॉलोनी, महिंद्रा वर्कशॉप के पास, मेन बंगलो रोड, हिसार–125001, हरियाणा ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध CC No.3096/2020 U/S 138 NI ACT के तहत एक मामला थाना प्रशांत विहार पुलिस स्टेशन, रोहिणी में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त अरविन और युद्धवीर नहीं मिले या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त अरविन और युद्धवीर फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि CC No.3096/2020 U/S 138 NI ACT, थाना प्रशांत विहार पुलिस स्टेशन, रोहिणी के अभियुक्त अरविन और युद्धवीर को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक 10.03.2026 को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री भारती बेनीवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05 (उत्तर)
कोर्ट नंबर 114, पहली मंजिल, उत्तरी जिला,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली।

DP/1364/RD/2026
(अदालती मामला)

## हैफेड जिला कार्यालय हिसार

HAFED
टेली. : 9812327591, मो. नं. 9315192913
ई-मेल : dmhfd-hsr@hafed.gov.in

### खाद्यान्नों के लिए भण्डारण स्थान किराये पर लेने हेतु प्रेस नोट

वास्तविक उपयोगिता पर आधारित हिसार जिले में रबी विपणन ऋतु 2026–27 के दौरान खाद्यान्न स्टॉक्स के लिए भण्डारण स्थान की आवश्यकता है। उपयुक्त अप्रोच रोड, पर्याप्त भण्डारण क्षमता रखने वाले और विभागीय नियमों को पूरा करने वाले उपयुक्त गोदामों/प्लिंथ्स मालिकों से हैफेड, हिसार को उनके परिसरों का ऑफर देने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक पार्टियां हिसार, हैफेड, प्रेम नगर, हिसार में जिला कार्यालय हैफेड में परिसरों के सम्बद्ध विवरण/दस्तावेजों सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अंदर कार्यदिवसों को सम्पर्क कर सकती हैं।

हैफेड बिना कोई कारण बताए किसी प्रस्ताव को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/- जिला प्रबंधक
हैफेड, हिसार

संवाद–1023/11/51/2026/42611/सी/88/6 दि. 02.02.26

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1453

मनकि अमित पुत्र जयसिहं पुत्र भीमसिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गांव बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2024–25, के अनुसार अराजी खेवट न0 318/280, खाता न0 324, मु0 न0 2, किला न0 9/2(3–17), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 17 मरले सालम भाग व खेवट न0 325/289, खाता न0 331, मु0 न0 2, किला न0 12/2(0–0), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 0 मरला का 1/4 भाग, बकदर 0 कनाल 0 मरला (कमअज मरला) व खेवट न0 407/351, खाता न0 413, मु0 न0 19, किला न0 26(0–18), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 18 मरले का 3/160 भाग, बकदर 0 कनाल 0.33 मरला, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 3 कनाल 17.33 मरला (0.4833125 एकड़) वाका रकबा मौजा बामडोला, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है, जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 3 कनाल 17.33 मरला (0.4833125 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 02.02.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## उद्यान विभाग, हरियाणा

पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनिमपुर (झज्जर) - 124105
ई-मेल: coemunimpur@gmail.com

### पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सूचना बारे

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर निम्न प्रकार से पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया जाना हैं:

| क्र. सं. | दिनांक | प्रशिक्षण की अवधि (दिनों में) | प्रशिक्षण का विषय | प्रशिक्षणार्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.02.2026 से 13.02.2026 | 5 | उन्नत तकनीकों द्वारा फूलों की खेतीं पर प्रशिक्षण | 10 |

पांच दिवसीय प्रशिक्षण हेतु इच्छुक किसान अपना ऑनलाईन नामांकन बागवानी विभाग, हरियाणा की वेबसाईट http:Kaushal.hortharyana.gov.in पर करें। जो दस किसान सबसे पहले ऑनलाईन नामांकन के माध्यम से अपना नाम दर्ज करवाएगे, उन्हें ही प्रशिक्षण में प्राथिमकता दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक किसान डॉ. हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (Mob No 8683801977) से सम्पर्क करें।

प्रशिक्षण हेतु ऑनलाईन नामांकन की प्रक्रिया निम्न प्रकार से है:-

1. प्रार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन http:Kaushal.hortharyana.gov.in पोर्टल पर दिनांक 06.02.2026 शाम 03:00 बजे तक कर सकता है।
2. प्रार्थी हरियाणा राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए।
3. आवेदनकर्ता अपने जरूरी कागजात जैसे कि आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति प्रशिक्षण के दौरान अपने साथ लेकर आये।
4. चयनित किसानों के नाम बागवानी विभाग की वेबसाईट http:Kaushal.hortharyana.gov.in पर दिनांक 06.02.2026 को शाम 03:30 बजे तक अपलोड कर दिये जाएंगे।
5. प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रार्थी की आयु न्यनतम 18 वर्ष व अधिकतम 60 वर्ष होनी चाहिए।
6. प्रशिक्षण हेतू आवेदन एक परिवार पहचान पत्र (PPP) से एक सदस्य ही कर सकता है।
7. किसानों के भोजन की व्यवस्था निम्नहस्ताक्षरी कार्यालय के द्वारा की जायेगी।
8. प्रशिक्षण केन्द्र पर रात्रि ठहराव की व्यवस्था नही होगी ।

हस्ता/- विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1039/2026/42601/88/6 दि. 02.02.26

## हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग

बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151
वेबसाइट : www.hssc.gov.in

### शुद्धिपत्र (विज्ञा. सं. 03/2026)

विज्ञा. सं. 3/2026, दिनांक 09.01.2026 की निरंतरता में, उम्मीदवारों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित ग्रुप्स के तहत विज्ञापित पदों की संख्या को विज्ञा. सं. 03/2026 के प्रकाशन के पश्चात निम्नलिखित मांग–पत्र वाले विभाग से प्राप्त मांग के परिणामस्वरूप बढ़ा दिया गया है :-

ए) मांग सं. 1370 के तहत चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान निदेशालय हरियाणा के अनुसरण में, ग्रुप नं. 2 के तहत स्टेनो टाइपिस्ट (अंग्रेजी) के पदों को 486 से बढ़ाकर 586 कर दिया गया है।

बी) मांग सं. 2895 के तहत राज्य अंकेक्षण निदेशालय, हरियाणा के अनुसरण में, ग्रुप नं. 3 के तहत स्टेनो टाइपिस्ट (दोनों भाषा) के पदों को 696 से बढ़ाकर 702 कर दिया गया है।

सी) मांग सं. 1178 के तहत उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड और मांग सं. 2897 के तहत राज्य अंकेक्षण निदेशालय, हरियाणा के अनुसरण में, ग्रुप नं. 3 के तहत जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर (दोनों भाषा) के पदों को 173 से बढ़ाकर 260 कर दिया गया है।

2) विभागों की प्राथमिकता केवल उन उम्मीदवारों से प्राप्त की जाएगी जो स्टेनोग्राफी स्किल टेस्ट क्वालीफाइ करेंगे।

3) इसके परिणामस्वरूप, पदों में बढ़ौतरी की वजह से, ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण हेतु पोर्टल अब 02.02.2026 की बजाए 06.02.2026 को खुलेगा।

4) यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन सहित जारी किया गया है।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- अवर सचिव
दिनांक : 01.02.2026 — कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद–1159/13/698/2026/42585/88/6 दि. 02.02.26 — पंचकूला

## हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषाएं विभाग निदेशालय, हरियाणा | राजकीय समारोहों/कार्यक्रमों के लिए कार्य के क्षेत्र में वर्णित अनुसार जर्मन हैंगर / टेंटेज के साथ-साथ अन्य मदों की स्थापना हेतु फर्मों/एजेंसियों का पैनल तैयार करना (निविदा आईडी : 2026_HRY_499872_1) | 31.01.2026 02.03.2026 | ईएमडी 15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1725046246 directorshaheedsamarak@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में पलवल में ज्यूडीशियल ब्लॉक में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं जो मौजूद नहीं है, के प्रावधान हेतु विशेष मरम्मत आकलन (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 04.02.2026 | 70.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिरसा | मोहम्मदपुरिया :- 300 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल, आकार 17.38 × 72.00 × 3.66 मी. का एक अदद एस/एस टैंक, आकार 4.57 × 3.05 × 1.83 मी. का एक अदद आरसीसी हाई लेवल टैंक, आकार 8.70 × 5.75 मी. का एक अदद आरसीसी फिल्टर बेड, आकार 6.25 × 4.25 × 2.44 मी. का एक अदद सीडब्ल्यूटी का निर्माण, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण, हैंडवर्क्स पाइप लाइन बिछाना, पेंटिंग, डिस्टेम्परिंग और स्नोसेम, वितरण पाइप लाइन बिछाना, टैप कनेक्शन की बहाली और जलघर मोहम्मदपुरिया में उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 2 कार्य। | 31.01.2026 26.02.2026 | 177.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 4 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी हिसार | हिसार शहर में सुपर सकर गाद निकालने की मशीन द्वारा विभिन्न आकार के सीवर लाइंस की सफाई। पी1 | बंद होने की तिथि 06.02.2026 | 249.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01662-247033 eephisar@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव फौगाट में मेन फिरनी की पेवमेंट। | 27.01.2026 04.02.2026 | 71.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव मोहना ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया (जीडब्ल्यूएम) और ड्रेन्स का निर्माण + 3 कार्य। | 30.01.2026 06.02.2026 | 135.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव पावटा, ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण, एसएफसी। | 30.01.2026 06.02.2026 | 51.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 8 | पंचायती राज रोहतक | गांव निंदाना टिगरी में पीएचसी रोड से महम गोहाना बाईपास तक आईपीबी गली का निर्माण + 8 कार्य। | 29.01.2026 25.02.2026 | 89.11 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज करनाल | बीबीपुर जाट्टान – गांव बीबीपुर जाट्टान में सैनी चौपाल का निर्माण, वीएएनजीवाई स्कीम + 5 कार्य। | 29.01.2026 07.02.2026 | 98.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज करनाल | गांव पोपड़ा ब्लॉक असंध में आंगनवाड़ी केन्द्र से रामदत्त शर्मा के मकान तक आईएलपीबी सहित फिरनी का निर्माण। | 30.01.2026 09.02.2026 | 30.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896202019 prexeeng.krl@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच–11/2026/200/42606/I/88/6 दि. 02.02.26

## खबर संक्षेप



### निवेश के नाम पर 36 लाख ठगने वाले 2 आरोपी इंदौर से पकड़े

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 36.18 लाख रुपये की ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरकुलर रोड निवासी धीरज शर्मा ने शिकायत में बताया था कि उसने सोशल मीडिया पर शेयर मार्केट में निवेश करने का विज्ञापन देखा था। इसके झांसे में आकर उससे 20 जुलाई से 19 अगस्त तक 10 बैंक खातों में 3618080 रुपये ट्रांसफर करा लिए। उसके शेयर खाते में लगभग 4.33 करोड़ रुपये दर्शाए गए, लेकिन निकले नहीं। शिकायत पर 23 अगस्त 2025 को केस दर्ज किया गया। पुलिस ने एमपी के इंदौर के शीलनाथ कैंप शंकर का बगीचा निवासी हर्ष कदम और विद्या पैलेस निवासी दीपक सिंह चौहान को गिरफ्तार किया है। हर्ष कदम और दीपक दोनों की एक फर्म है। ठगी की रकम में से 10 हजार रुपये उनकी फर्म के खाते में ट्रांसफर हुए थे। आरोपियों को न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया है।

### क्रिप्टो करेंसी के नाम पर 38 लाख की ठगी में खाताधारक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर 38,54,000 रुपये की ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने एक खाताधारक देवेश शर्मा निवासी अजमेर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खाते में ठगी के 30 हजार रुपये आए थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-86 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सेंट्रल में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके पास फेसबुक पर एक लड़की की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई, उनकी फोन पर बात होने लगी। कथित लड़की ने उसे क्रिप्टो करेंसी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का लालच दिया। जिस पर उसने अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिये क्रिप्टो करेंसी में कुल 38,54,000 रुपये निवेश किये लेकिन उसे कोई पैसा वापस नहीं मिला। जांच जिस शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### हत्या के पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा

**जींद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा की अदालत ने हत्या के पांच दोषियों को उम्र कैद व 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। गांव निडाना निवासी राजेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि 22 नवंबर 2021 को वह अपने मामा गांव गढवाली निवासी जगदीश के घर गया हुआ था। वह अपने मामा के साथ खेत में बने कोठरे में लेटा हुआ था। तभी गांव के राजेंद्र, दीपक, सुनील, राजकुमार की पत्नी व उसकी लड़की कोठरे में आ गए और पुरानी रंजिश के चलते रॉड व तेजधार हथियारों से उसके मामा जगदीश व उस पर हमला कर दिया। इसमें मामा की मौत हो गई। अब अदालत ने राजेंद्र सिंह, सुनीता, दीपक, विक्की व सुनील को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई है।

## यमुनानगर व फतेहाबाद में दो सड़क हादसों में 5 की मौत

# बाइक सवार गर्भवती महिला, पति व बच्चे को डंपर ने कुचला

- कपड़ा व्यापारी यमुनानगर से उत्तराखंड जा रहा था अपने घर, अब परिवार में केवल 7 वर्षीय बच्ची ही बची, दादी के साथ रहती है हरिद्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के पुराना सहारनपुर मार्ग पर पांसरा रेलवे क्रासिंग के पास सोमवार को डंपर की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दंपति व उनके चार वर्षीय बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों शवों को अस्पताल में पहुंचाया। महिला पांच माह की गर्भवती थी। अब परिवार में केवल एक सात वर्षीय बच्ची बची है, जो उत्तराखंड में अपनी दादी के पास रहती है।

जानकारी के मुताबिक उत्तराखंड के गांव झबरेड़ा (हरिद्वार) निवासी सचिन (29) अपनी पत्नी नेहा (27) व चार वर्षीय बेटे नोनू के साथ पिछले कुछ समय से यमुनानगर में चिट्टा मंदिर के पास किराए के मकान में रह रहा था। वह शहर की मीना मार्केट में कपड़ों का काम करता था। बताया गया है कि सोमवार को सचिन अपनी पत्नी नेहा और चार वर्षीय बेटे नोनू के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर उत्तराखंड जा रहा था। इस दौरान रास्ते में जैसे ही वह पांसरा रेलवे क्रासिंग के पास पहुंचे तो पीछे से आ रहे डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी।



यमुनानगर। हादसे में खून से सना युवक का बैग। इनसेट में मृतक का फाइल फोटो।

### डंपर चालक की तलाश

बताया जा रहा है कि अब परिवार में केवल सचिन की सात वर्षीय बेटी ही बची है। वह उत्तराखंड में अपनी दादी के पास रहती है। सदर थाना प्रभारी सलिंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और फरार डंपर चालक की तलाश जारी है। शवों का पोस्टमार्टम मंगलवार को कराया जाएगा।

टक्कर लगने से वह तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत तीनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में पहुंचाया, जहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है और क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है। हादसे के बाद आरोपी डंपर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे।

### बारात की बस की टक्कर से मां-बेटे की मौत, लगाया जाम



**रतिया।** रतिया में लाली रोड पर सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई। अलीका की तरफ से आ रही बाइक और रतिया रोड की तरफ से जा रही बारात की निजी बस की आमने-सामने की टक्कर से बाइक सवार गांव खाई निवासी 62 वर्षीय कौशल्या देवी व बाइक चला रहे उनके बेटे 33 वर्षीय रॉबिन की मौके पर ही मौत हो गई। बस चालक बस को मौके छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक रॉबिन की जेब में पड़े आधार कार्ड को देखकर उनके परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर मृतक कौशल्या का बेटा हुकम व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। रोषजदा परिजनों के पुलिस टीम को शवों को ले जाने से रोक दिया व रतिया-अलीका रोड पर जाम लगा दिया। बताया जा रहा है कि मृतक कौशल्या गांव से अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर रतिया आधार कार्ड को सही करवाने आ रही थी। वहीं बस चालक गांव जमालपुर से कलोठा बारात लेकर जा रहा था। हादसे के बाद बस में सवार बाराती भी वहां से पैदल ही कलोठा गांव की तरफ चल दिए। करीब एक घंटा 20 मिनट बाद पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया।

**चालक फरार सवा घंटा किया प्रदर्शन**

39वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेला



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेले की बड़ी चौपाल पर हरियाणा के प्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू गीत प्रस्तुत करते हुए।

## लोक कलाकारों से सजी शाम, पदमश्री महावीर ने हरियाणवी गीतों से बांधा समां

- देश-विदेश के पर्यटकों के सामने लोक संस्कृति की झलक दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

तू राजा की राजकुमारी, मैं सिर्फ लंगोटे आला सूं, भांग रगड़ कै पीया करूं कुंडी सौटे आला सूं, पाणी आली पाणी प्यादे गीतों की सुरीली सांझ में देर शाम सूरजकुंड शिल्प मेला परिसर गूंजायमान हो गया। 39वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड आत्मनिर्भर शिल्प मेला की चौपाल पर जब पद्मश्री अवॉर्डी विख्यात कलाकार महावीर गुड्डू ने अपनी प्रस्तुति दी तो पूरा मेला परिसर हरियाणवी सांस्कृतिक रंग से सराबोर हो गया। इस कार्यक्रम में सहकलाकार अनु द्वारा हरियाणवी गीत राम के थे, राम के हैं और राम के रहेंगे गीत की शानदार प्रस्तुति दी गई। वहीं, प्रसिद्ध कलाकार विक्रम सिरोहीवाल ने हिंदी और बॉलीवुड बैंड की मधुर प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त पाली नाथ बीन पार्टी व रिंकू डेरु पार्टी की लोक प्रस्तुति ने ग्रामीण लोक संस्कृति की झलक पेश की। सतीश हरियाणवी ने हास्य कलाकार के रूप में अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को खूब हंसाया। इसके साथ ही कलाकार अंजली भाटी एवं सह कलाकारों द्वारा हरियाणवी सांस्कृतिक लोक नृत्य तथा डॉ. अमरजीत कौर व कलाकारों द्वारा शास्त्रीय लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक विविधता को मंच पर जीवंत कर दिया। नाट्य कला के अंतर्गत शत्रुघ्न नागर एवं एसडी नागर पार्टी द्वारा प्रस्तुत श्राप नाटक ने सामाजिक संदेश के साथ दर्शकों को गहराई से सोचने पर मजबूर किया।



### हरियाणवी पगड़ी बंधवाने का दिखा क्रेज

सूरजकुंड मेला में बनाया गया हरियाणा अपना घर पैवेलियन हरियाणवी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है और सहज ही पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। साथ ही लोगों को स्वदेशी अपनाओ और वोकल फॉर लोकल का भी संदेश दे रहा है। यहां पर हरियाणा की शान मानी जाने वाली पगड़ी पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रही है और लोग बढ़-चढ़कर पगड़ी बंधवाकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

## जींद के कांग्रेस महासचिव से गोदारा गैंग ने मांगी पांच करोड़ की चौथ

- शराब के कारोबार से जुड़े हैं नवीन सांगवान, पुलिस ने आरोपी नवीन बॉक्सर पर केस किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

कांग्रेस के जिला महासचिव एवं शराब कारोबारी को व्हाट्सएप कॉल कर पांच करोड़ रुपये की चौथ मांगने का मामला सामने आया है। चौथ राशि न देने पर बुरा अजांम भुगतने की धमकी दी गई है।

शिकायत के आधार पर शहर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ चौथ मांगने तथा धमकी देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कांग्रेस के जिला महाचिव नवीन सांगवान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शराब के कारोबार से भी जुड़े हैं। उसने अपने शराब के ठेके हैं। गत दिवस शाम को वह अपने कामकाज को निपटा रहे थे। उसी दौरान उनके फोन पर व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को रोहित गोदारा गैंग का गुर्गा गांव गौरीपुर निवासी नवीन बॉक्सर बताया। इसके बाद उसने पांच करोड़ रुपये की चौथ की डिमांड की। चौथ राशि न देने पर उसे तथा उसके परिवार को बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। शहर थाना पुलिस ने नवीन की शिकायत पर आरोपित नवीन बॉक्सर के खिलाफ चौथ मांगने तथा धमकी देने का मामला दर्ज किया है। रोहतक रोड चौकी प्रभारी अनिल ने बताया कि धमकी देकर चौथ मांगने की शिकायत मिली थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

## कॉलोनाइजर ने साझेदारों पर धोखे के आरोप लगाकर किया सुसाइड

- गांव सिवाह में जमीन खरीदकर काट रहे थे प्लॉट चार पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के एनएफएल क्षेत्र के विकास नगर निवासी 45 वर्षीय कॉलोनाइजर सुरेंद्र कटारिया ने जहरीली गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली। सुरेंद्र की पत्नी सोनिया ने आरोप लगाया कि सुरेंद्र के बिजनेस पार्टनर्स ने उनके करोड़ों रुपये दबा रखे थे। उन्हें दफ्तर बुलाकर पिस्तौल दिखाकर डराया-धमकाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि सुरेंद्र ने एडवोकेट सितेंद्र निवासी गांव सिवाह, सुनील पंडित निवासी गांव सनपेड़ा, मोनू और प्रदीप के साथ मिलकर गांव सिवाह में जमीन खरीदी थी। खरीदने के बाद इस जमीन में कॉलोनी काटकर प्लाट बेचने शुरू कर दिए थे। इस कॉलोनी में प्लाट बिक्री में सुरेंद्र के साथ पार्टनर सितेंद्र, सुनील पंडित, मोनू व प्रदीप ने जमीन मालिक के साथ मिलकर धोखाधड़ी की। वहीं, पुलिस ने सोनिया के बयान के आधार पर चारों आरोपियों पर बीएनएस की धारा 108, 318 (4), 3 (5), 351(3) और 25-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**पहल** | बेटी के विवाह में बेटों के समान रस्म

# एडवोकेट बहन का घोड़ी पर बैठाकर निकाला बनवारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

हरियाणा में अब बेटियों को बेटों के बराबर सम्मान देने की दिशा में परंपराएं निभाई जा रही हैं। बावल निवासी अधिवक्ता सिमरन की शादी से पहले घोड़ी पर बैठाकर धूमधाम से बनवारा निकाला गया। आमतौर पर लड़कों के लिए होने वाली इस रस्म को बेटी के लिए निभाकर परिवार ने समाज की रूढ़िवादी सोच पर प्रहार किया। बावल के रहने वाले स्व. भागीरथ प्रधान के बेटे स्व. मास्टर गजराज की बेटी सिमरन की 3 फरवरी को गांव छिल्लरकी निवासी लक्ष्य के साथ शादी होगी। शादी से पूर्व लड़की के भाई दिनेश, टींकू व नरेश महलावत ने रविवार रात सिमरन का घोड़ी पर बैठाकर बनवारा निकाला। सिमरन की मां भारती चौधरी स्कूल संचालिका हैं। सिमरन ने एलएलबी व एलएलएम की पढ़ाई पूरी की है तथा लक्ष्य ने बीटेक किया हुआ है।





## वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने की कोशिश

# बजट में वृद्धि को गति देने निवेश पर जोर, घाटे का लक्ष्य बताता है सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए निवेश को प्राथमिकता दी गई है और राजकोषीय घाटे की स्थिति से पता चलता है कि सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 का बजट पेश करने के एक दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव वैश्विक अनिश्चितता के कारण है और कई केंद्रीय बैंक पीली धातु में निवेश कर रहे हैं।

**निवेशकों को अब किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं**

सीतारमण ने कहा, ''इससे यह भी पता चलता है कि निवेशकों को किसी एक विशेष मुद्रा पर भरोसा नहीं है और इसीलिए सोने की खरीदारी में होड़ मची है।''

### सोने की कीमतों में अनिश्चितता से केंद्रीय बैंक सोने में निवेश कर रहे

### एसटीटी को 0.2 से बढ़ाकर 0.5 फीसदी किया गया

बजट में वायदा अनुबंधों पर एसटीटी (प्रतिभूति सौदा कर) को 0.02 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.05 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। विकल्प प्रीमियम और विकल्प उपयोग पर एसटीटी को मौजूदा क्रमशः 0.1 प्रतिशत और 0.125 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है। सेबी के अध्ययन के अनुसार, वायदा एवं विकल्प खंड में खुदरा निवेशकों के 90 प्रतिशत से अधिक सौदों में नुकसान होता है।



### जीडीपी अगले वित्त वर्ष के लिए 4.3 फीसदी होगा

एफ एंड ओ में एसटीटी की वृद्धि लोगों के इस क्षेत्र में कदम रखने को हतोत्साहित करेगी।'' बजट में राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर चलते हुए, अगले वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि मार्च, 2026 को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के लिए यह 4.4 प्रतिशत है।

### एफएंडओ में हस्तक्षेप की मांग की गई थी

पूंजी बाजार नियामक ने अतीत में इस तरह के लेन-देन को कम करने के लिए कदम भी उठाए हैं।

सीतारमण ने कहा, /''हमने केवल वायदा एवं विकल्प व्यापार को ही छुआ है। जिसमें काफी सट्टेबाजी है। मुझे कई लोगों के फोन आए हैं, जो कह रहे हैं कि उनके बच्चे भारी नुकसान उठा रहे हैं और सरकार से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

### सरकार पीएसयू में हिस्सेदारी बेचना जारी रखेगी

वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि विनिवेश और परिसंपत्ति मौद्रीकरण की गति जारी रहेगी। सरकार सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के अधिक विनिवेश को प्रोत्साहित करेगी। सीतारमण ने कहा कि आईडीबीआई बैंक का रणनीतिक विनिवेश सही दिशा में है और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिस्सेदारी की बिक्री की गति गैर-कर राजस्व की दिशा तय करेगी।

### राजकोषीय घाटे का लक्ष्य आर्थिक स्थिति पर निर्भर

सीतारमण ने कहा कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य प्रत्येक वर्ष की आर्थिक स्थिति पर निर्भर करता है और अतीत में सरकार ने पिछले वित्त वर्ष की तुलना में राजकोषीय घाटे को कुछ आधार अंक कम रखा है। उन्होंने कहा कि इस वित्त वर्ष में ''सरकार की प्राथमिकता वृद्धि है, इसलिए मैं 4.3 प्रतिशत के घाटे के लक्ष्य से संतुष्ट हूं।''

**निजी उपभोग में वृद्धि जारी रहेगी** : सीतारमण ने यह भी विश्वास जताया कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में जीएसटी दर में कटौती और आयकर छूट सीमा में वृद्धि के कारण हाल ही में निजी उपभोग में जो वृद्धि हुई है, वह आने वाले महीनों में भी जारी रहेगी।

# कार्यालयीन नौकरियों की भर्ती जनवरी में तीन फीसदी बढ़ी

**ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉटकॉम ने जारी की रिपोर्ट**
**भर्ती में आईटी से इतर क्षेत्रों की भूमिका रही**

एजेंसी ▶▶| मुंबई



जनवरी महीने के दौरान कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों की भर्तियों में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जिसमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से इतर क्षेत्रों की अहम भूमिका रही। सोमवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। भर्तियों से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल नौकरी डॉटकॉम की रिपोर्ट कहती है कि जनवरी में जॉबस्पीक सूचकांक 2,637 अंक पर रहा जो जनवरी, 2025 के 2,550 अंकों से तीन प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह वृद्धि मुख्य रूप से गैर-आईटी क्षेत्रों और नए स्नातकों की भर्ती के कारण हुई।

बीपीओ/आईटीईएस में 21 प्रतिशत, आतिथ्य और यात्रा क्षेत्र में 15 प्रतिशत, बीमा में सात प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवा में पांच प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र में इस दौरान 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

आईटी क्षेत्र में कुल भर्ती स्थिर रही, लेकिन कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग से जुड़ी नौकरियों में 34 प्रतिशत की बढ़त रही। नए स्नातकों की भर्ती में आठ प्रतिशत वृद्धि देखी गई। गैर-आईटी क्षेत्रों में तीन वर्ष तक का अनुभव वाले युवा कर्मचारियों की भर्ती में जनवरी में खास तेजी रही। इसमें आतिथ्य 33 प्रतिशत, बीमा 35 प्रतिशत, बीपीओ/ आईटीईएस 39 प्रतिशत और रियल एस्टेट 42 प्रतिशत बढ़ा। भर्ती के लिहाज से कोयंबटूर और जयपुर प्रमुख केंद्र रहे जहां क्रमशः 16 और 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। हैदराबाद में कुल भर्ती 10 प्रतिशत बढ़ी, जिसमें वैश्विक क्षमता केंद्रों में 14 प्रतिशत का उछाल रहा।

### रुपया 42 पैसे चढ़कर 91.51 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** आम बजट 2026-27 पेश होने के एक दिन बाद सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 42 पैसे की मजबूती के साथ 91.51 (अस्थायी) पर बंद हुआ। रुपये में यह बढ़त मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के कारण देखी गई।


**सूचना**

मैं, राजपाल सिंह देसवाल पुत्र जय नारायण, निवासी मकान नं. 780/29, कमल कॉलोनी, नजदीक मॉडल टाऊन, तहसील व जिला रोहतक 124001 हरियाणा बयान करता हूं कि मेरे कुछ कागजातों में मेरा नाम राजपाल सिंह पुत्र जय नारायण और राजपाल सिंह देसवाल पुत्र जय नारायण है। ये दोनों नाम मेरे ही हैं। अब मैं अपना नाम राजपाल सिंह पुत्र जय नारायण से बदलकर राजपाल सिंह देसवाल पुत्र जय नारायण सभी उद्देश्यों के लिए दर्ज करवाना चाहता हूं। इसकी पूरी जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी।


# बजट की भारी गिरावट से उबरा शेयर बाजार सेंसेक्स ने लगाई 943 अंक की छलांग

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आम बजट के दिन भारी गिरावट का सामना करने वाले घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को जोरदार वापसी की। तेल एवं गैस, बैंक और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से बीएसई सेंसेक्स 943 अंक चढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी में 263 अंक की तेजी दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 943.52 अंक की बढ़त के साथ 81,666.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,009.31 अंक चढ़कर 81,732.25 अंक के उच्चस्तर तक पहुंच गया था। वहीं निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 282.65 अंक चढ़कर 25,108.10 अंक तक पहुंच गया था। विशेषज्ञों के मुताबिक, कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज गिरावट और बजट के दिन की भारी गिरावट से प्रमुख कंपनियों के शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी आने से घरेलू शेयर बाजारों को राहत मिली। जनवरी महीने में विनिर्माण गतिविधियों में हल्के सुधार के आंकड़ों ने भी बाजार धारणा को समर्थन दिया। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर के दो साल के निचले स्तर 55 से बढ़कर जनवरी में 55.4 रहा।

# सोने की वजह से 'कंगाल' होगा अमेरिका? भारत -चीन ने बिगाड़ा खेल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आजकल दुनिया की महाशक्तियों के बीच चल रही एक 'अदृश्य जंग'। पूरी दुनिया में इस वक्त सोना खरीदने की ऐसी होड़ मची है जैसी पहले कभी नहीं देखी गई। चीन ने अपने खजाने में 2303 टन सोना जमा कर लिया है और भारत भी पीछे नहीं है, हमारे पास अब 880 टन सोना रिजर्व में है। ये सब अचानक नहीं हो रहा। इसके पीछे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आक्रामक नीतियों का डर और अमेरिकी डॉलर की बादशाहत पर उठता भरोसा है। आखिर ऐसा क्या हो गया है कि दुनिया अब कागज के नोटों (डॉलर) के बजाय पीली धातु (सोने) पर भरोसा कर रही है?

### जब नोट नहीं थे तब दुनिया कैसे चलती थी?

पूरे मामले को समझने के लिए हमें थोड़ा इतिहास में पीछे जाना होगा। आज से करीब 8 हजार साल पहले। तब न रुपया था, न डॉलर। इंसान खेती करता था और 'बार्टर सिस्टम' से काम चलाता था। मतलब, अगर आपके पास गेहूं है और आपको दूध चाहिए, तो आप ऐसे आदमी को ढूंढते थे जिसके पास दूध हो और उसे गेहूं चाहिए हो। लेकिन इसमें बड़ी दिक्कत थी.. कई बार जरूरत का मेल खाना मुश्किल हो जाता था। आज के हालात पर. 2008 की मंदी और फिर कोरोना ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को हिलाया। अमेरिका ने रूस को सबक सिखाने के लिए उसका 300 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार जब्त (फ्रीज) कर दिया। इस घटना ने पूरी दुनिया की नींद उड़ा दी।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा राज्य भण्डारण निगम, रोहतक (एचएसडब्ल्यूसी) | सोनीपत जिले के गोहाना और रोहतक के रोहतक, महम, सांपला में स्थित निजी/सरकारी कवर्ड गोदामों/ओपन प्लिंथ को किराये पर लेने के लिए ई-निविदा। | 03.02.2026 14.02.2026 | शून्य | https://etenders.hry.nic.in | 8053438800 dmhswcrohtak@hswc.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42596/I/88/6 दि. 02.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति एवं विपणन संघ लिमिटेड, पंचकूला (हैफेड) | हैफेड के ब्रांड में क्रश टीयर कर्ल (सीटीसी) चाय की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं (पंचकूला)। | 30.01.2026 20.02.2026 | रु. 50,000/- | www.hafed.gov.in | 01722590520 hafed@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42595/I/88/6 दि. 02.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका कलानौर | नगर पालिका कलानौर में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से लहर वाली गली तक आरसीसी नाला का निर्माण। | 30.01.2026 09.02.2026 | रु.41,64,054/- | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 secy-kalanaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42625/I/88/6 दि. 02.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी रोहतक | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु एग्रो मॉल, रोहतक में विद्युतीकरण प्रणाली का व्यापक वार्षिक रखरखाव और प्रचालन + 1 कार्य। | 30.01.2026 10.02.2026 | रु.78,88,965/- | https://etenders.hry.nic.in | 9812100311 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/42622/I/88/6 दि. 02.02.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महम | एम.सी. महम में टू व्हील ट्रेलर माउंटेड सीवर जेट्टिंग कम सक्शन मशीन 5000 ली. क्षमता सहित 50 एचपी ट्रेक्टर (प्रभारी अभियंता की संतुष्टि के अनुरूप) की आपूर्ति (निविदा आईडी : 2026_499857_1) (महम) | 30.01.2026 06.02.2026 | डीएनआईटी के अनुरूप | https://etenders.hry.nic.in | 9992861958 secy-meham@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/42605/I/88/6 दि. 02.02.26



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1)MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS (M R CHEMICAL FACTORY) REG.NO.-HR67C7539 -YOM-2020
2)MAHINDRA BLAZO37 CAB CHASSIS (SURESH MANDAL) REG.NO.-HR39F7900-YOM-2024
3) TATA LPTK 3118 FULLY BUILT TIPPER (RAJESH SANJAY) REG.NO.-OD35B6085- YOM- 2017
4) ASHOK LEYLAND LIMITEDCB_ TIPPER_AL_5525_ASHOK_LEYLAND (JAGDISH SINGH) REG.NO.-HR46F2376-YOM-2022
5) 1512_CABIN_CHASIS_TATA MOTORS (NARNAUL GOLDEN TRANSPORTCOMPANY) REG.NO.-HR66C98000-YOM-2022
6) TATA ACE(GOURAV) REG.NO.-HR39F2888- YOM- 2023
7) TATA SIGNA 2830(KUMKUM MINES & MINERALS PRIVATE LIMITED) REG.NO.-HR61E7036-YOM- 2023
8) TATA LPTK 3118 FULLY BUILT TIPPER (ROHIT RAJESH) REG.NO.- OD35B6087-YOM-2017
9) MARUTI_SUPER_CARRY_CNG (VIKRAM ISHWER) REG.NO.-HR47G8274 -YOM- 2024
10) TATA LPK 2518 HD FULLY BUILT TIPPER(R.N ASSOCIATES) REG.NO.-HR67C2947-YOM- 2018
11)BACKHOE LOADER XTRA 3DX JCB (YASH CONSTRUCTION COMPANY) REG.NO.-HR14V7452-YOM- 2024
12) ASHOK_LEYLAND_3718 (RAJ KUMAR) REG.NO.-HR39D1894-YOM- 2011
13) EICHER_PRO_2110_E_BS_6 _CAB_CHASSIS(RAJ YADAV) REG.NO.-HR55AP3565- YOM- 2023
14) HYUNDAI_R215LC_7 (YASH CONSTRUCTION COMPANY) REG.NO.-HYNDN635HE0068780-YOM- 2024
15)TATA_SIGNA_5530_BSVI_CHASSIS (JITENDER SINGH) REG.NO.-HR63E8235 N-YOM-2023
16) TATA LPS 4018 FULLY BUILT TRAILER (RAVI) REG.NO.-HR39D2280 -YOM- 2016
17) ASHOK LEYLAND DOST GOODS (SURESH) REG.NO.-HR61E8827-YOM-2022
18) AL ECOMET 1412 (SUNIL KUMAR.) REG.NO.-HR39E3442-YOM-2019
19) TATA LPS 4018 COWL CHASSIS TRAILER (RAJIV) REG.NO.-HR56A0017-YOM-2014
20) MARUTI_SUPER_CARRY_CNG (SADDAM) REG.NO.-HR67E5082 -YOM-2023
21) MAHINDRA AND MAHINDRA CB BOLERO MAXI TRUCK(MUKESH) REG.NO.-HR39F3423-YOM-2023
22) ASHOK LEYLAND DOST GOODS (VINOD KUMAR.) REG.NO.-HR56C7805-YOM-2023
23) ALU5525 TIP TRAILER CHASSIS (MOHIT TRADING CO) REG.NO.-HR843566 -YOM-2024

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 07 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 09.02.2026 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
FIRST FLOOR, PLOT NO 406 TO 408 /28, ROOPALAY COMPLEX, D PARK, MODEL TOWN, ROHTAK 124001 OR CONTACT :MR. GOVERDHAN JOSHI KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. +91-9671300231
EMAIL:-Goverdhan.Joshi@kotak.com



**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### रिलायंस जियो ने पूरे हरियाणा में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया



**चंडीगढ़।** रिलायंस जियो ने मोहाली में अपने हरियाणा स्टेट ऑफिस के साथ पूरे हरियाणा में अपने कार्यालयों और विभिन्न फील्ड लोकशन्स पर 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाने का जियो का मुख्य उद्देश्य अपनी फील्ड टीमों सहित अपने कर्मचारियों, सर्विस प्रोवाइडर पार्टनर्स और लोगों के बीच सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना था। हरियाणा भर में आयोजित सुरक्षा जागरूकता और प्रशिक्षण सत्रों के दौरान प्रमुख सुरक्षा उपायों के महत्व पर जोर दिया गया, साथ ही राज्य भर में जियो कार्यालयों में सड़क सुरक्षा बैनर और पोस्टर प्रदर्शित किए गए। टीम के सदस्यों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा सड़क सुरक्षा बैज भी वितरित किए गए। "फैमिली फर्स्ट, सेफ्टी मस्ट" पहल के तहत, दोपहिया वाहनों को चलाने वाले फील्ड टीमों के सदस्य और सर्विस प्रोवाइडर पार्टनर्स को रिफ्लेक्टिव स्टिकर दिए गए, जिन पर उनके घर और कार्यालय के संपर्क नंबर भी अंकित थे। सुरक्षा के लिए क्रैश हेलमेट भी वितरित किए गए। इसके अलावा, रोड सेफ्टी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए रोड शो भी आयोजित किए गए। जियो कर्मचारियों, फील्ड स्टाफ और सर्विस प्रोवाइडर पार्टनर्स के चार पहिया और दो पहिया वाहनों का निरीक्षण भी किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अच्छी कार्यशील स्थिति में हैं। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने पर विशेष जोर दिया गया।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

### एलन रोहतक ने किया टैलेंटेड स्टूडेंट्स का सम्मान



**रोहतक।** एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड रोहतक की ओर से आयोजित टैलेंटेक्स का सक्सेस पॉवर सेशन शनिवार को आयोजित किया गया। यहां महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी स्थित राधाकृष्णन ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद एलन नोर्थ जोनल हैड सदानंद वानी ने कार्यक्रम की शुरुआत की और टैलेंटेक्स में विद्यार्थियों के उत्साह के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि एलन रोहतक आस-पास के क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के लिए संकल्पित है और इसके लिए निरंतर गतिविधियां आयोजित कर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जाएगी। एलन संस्कार से सफलता तक का मंत्र लेकर चलता है। शिक्षा के साथ संस्कार देने का उद्देश्य विद्यार्थियों को अच्छा डॉक्टर इंजीनियर के साथ अच्छा इंसान बनाना है। उन्होंने स्टूडेंट्स को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एवं विभिन्न तरह के ओलंपियड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### आईआईटी बॉम्बे की पायलट परियोजना 'जीवोदया' को रेशम उत्पादन में सफलता

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया के कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड के सहयोग से संचालित आईआईटी बॉम्बे की अनूठी पायलट परियोजना 'जीवोदया' ने तीन वर्षों के निरंतर अनुसंधान एवं विकास के पश्चात नैतिक रेशम उत्पादन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस परियोजना के अंतर्गत आईआईटी बॉम्बे के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रौद्योगिकी विकल्प केंद्र (सी-तारा) ने रेशम उत्पादन की एक ऐसी नवीन तकनीक सफलतापूर्वक विकसित की है, जिसमें रेशम के कीड़ों की हत्या की आवश्यकता नहीं होती।

### शब्द पहेली - 6127




**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 6126 का हल**





# सरपंच चुनाव में दो बच्चों की शर्त पूरी करने के लिए कर दी एक बेटी की हत्या

## ⏭ निजामाबाद में नहर में फेंककर भाग गया, लोगों ने निकाला शव ⏭ सोशल मीडिया पर बच्ची का फोटो देख हुई पहचान

सेंट्रल डेस्क ⏭ रोहतक

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के केरूर गांव के निवासी 28 वर्षीय पांडुरंग कोंडमंगले विराट सैलून नाम से एक नाई की दुकान चलाते थे। बाहरी दुनिया के लिए कोंडमंगले अपने तीन बच्चों तीन साल के बेटे और छह साल की जुड़वां बेटियों के प्रति स्नेही पिता प्रतीत होते थे। लेकिन अब उन पर ऐसे अपराध का आरोप है, जिसकी कल्पना करना भी कठिन है। महाराष्ट्र में इस वर्ष जून में प्रस्तावित ग्रामीण स्थानीय निकाय यानी पंचायत चुनावों की तैयारियां हाल ही में शुरू हुईं। 28 वर्षीय कोंडमंगले बेचैन होने लगे। उन्हें लगा कि वे भी अपने गांव के सरपंच बन सकते हैं। लेकिन एक अड़चन थी। महाराष्ट्र पंचायत राज अधिनियम के अनुसार, दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति स्थानीय निकाय चुनाव नहीं लड़ सकते। कोंडमंगले ने इस बारे में गांव के मौजूदा सरपंच गणेश शिंदे से सलाह लेने का फैसला किया। निजामाबाद पुलिस आयुक्त साऊ चैतन्य ने बताया कि दोनों मित्र थे और कथित तौर पर उन्होंने उसकी एक संतान जुड़वां में से बड़ी प्राची को रास्ते से हटाने का फैसला किया।

### हत्या को हादसा दिखाने की कोशिश

पहले दोनों ने प्राची को गोद देने पर विचार किया, लेकिन इससे उद्देश्य पूरा नहीं होता क्योंकि छह साल पहले जारी जन्म प्रमाणपत्र में वह उसकी संतान के रूप में दर्ज रहती। चैतन्य ने बताया कि फिर उसने बच्ची को छोड़ देने के बारे में सोचा, लेकिन अगर वह वापस गांव आ जाती तो? इसके बाद दोनों ने कथित तौर पर बच्ची की हत्या कर उसे दुर्घटना जैसा दिखाने की साजिश रची।

### घुमाने के बहाने ले गया तेलंगाना

चैतन्य ने बताया कि कोंडमंगले कथित रूप से प्राची को गांव से कुछ किलोमीटर दूर निजामाबाद घुमाने ले गया। सीमा पार जाना आम बात है, इसलिए किसी को शक नहीं हुआ। वह बच्ची को मोटरसाइकिल पर निजामाबाद जिले की निजामसागर नहर पर ले गया, जो खेतों से घिरी हुई है। उसने कथित रूप से बच्ची को पानी में धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गया। पास में खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने पानी में कुछ गिरने की आवाज सुनी और वहां पहुंचे, जहां उन्हें नहर में बच्ची का शव तैरता मिला।

### गांव के व्यक्ति ने की पहचान

स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया और शव को बाहर निकाला गया। चूंकि शव जल्दी बाहर निकाल लिया गया और फूला नहीं था, इसलिए पुलिस उसके चेहरे की तस्वीरें ले सकी। तस्वीरें सोशल मीडिया, व्हाट्सऐप और अखबारों में व्यापक रूप से प्रसारित की गईं। महाराष्ट्र के गांव के एक व्यक्ति ने प्राची को पहचाना। उस ग्रामीण ने तेलंगाना पुलिस को सूचित किया, जिसने पहले ही हत्या की जांच के लिए तीन टीमें गठित कर दी थीं। एक टीम महाराष्ट्र के गांव पहुंची और पिता से पूछताछ की।

### पुलिस को गुमराह करने की कोशिश

शुरुआत में उसने दावा किया कि उसकी बेटी दूर के एक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करा रही है, लेकिन वह यह नहीं बता सका कि उसकी देखभाल कौन कर रहा है। जब वह पूरी तरह घिर गया, तो उसने स्वीकार किया कि उसने बच्ची की हत्या की है। कोंडमंगले पर हत्या और आपराधिक साजिश की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है, जबकि मौजूदा सरपंच को सह-साजिशकर्ता के रूप में नामजद किया गया है। चैतन्य ने कहा कि बच्ची को तैरना नहीं आता था। हालांकि ग्रामीण 10 मिनट के भीतर नहर पर पहुंच गए थे, लेकिन कोई भी उसकी जान नहीं बचा सका।

**कार्यालय नगर पंचायत टुण्डरा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**
Nagarpanchayattundra@gmail.com

क्रमांक /116 / लो.नि.वि. / नं.प./2025-26 टुण्डरा, दिनांक 02/02/2026

**संशोधित ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (तृतीय निविदा)**

नगर पंचायत टुण्डरा द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में एकीकृत पंजीयन प्रणाली से पंजीकृत एजेंसी / फर्म से ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर सिस्टम के माध्यम से आमंत्रित की गई हैं, जिसमें निविदा की अंतिम तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है :-

| क्र. | सिस्टम टेंडर | कार्य का नाम | लागत राशि (लाख में) | आनलाईन निविदा की अंतिम तिथि | फिजिकल दस्तावेज प्राप्त होने की अंतिम तिथि | निविदा खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 182375 | Desing. Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewge Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Tundra under SBM 2.0 | 173.27 लाख | दिनांक 13.02.2026 समय शाम 5.00 बजे तक | दिनांक 18.02.2026 समय शाम 4.00 बजे तक | दिनांक 18.02.2026 समय शाम 5.00 बजे से |

नोटः- 1. निविदा संबंधी समस्त दस्तावेज, अमानत राशि व टेंडर प्रोसेसिंग फीस ऑन लाईन अपलोड करना अनिवार्य है। 2. अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारियां संबंधित शाखा या विभाग से ई-प्रोक्योरमेंट वेब http://eproc.cgstate.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

"नगर पंचायत के करों का भुगतान समय सीमा में अवश्य करें"

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत टुण्डरा

### खबर संक्षेप

**4 जगहों पर शिंदे गुट की महिला प्रत्याशी मेयर**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने ठाणे, कल्याण-डोंबिवली और उल्हासनगर नगर निगमों में मेयर पद के लिए महिला उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। इन पदों पर कोई आरक्षण नहीं है, फिर भी पार्टी ने महिलाओं पर भरोसा जताया है। एकनाथ शिंदे ने बयान में यह जानकारी दी है।

**पुणे पोर्श हादसे में तीन आरोपियों को जमानत**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2024 के चर्चित पुणे पोर्श कार हादसा



मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी है। इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। कोर्ट ने इस दौरान अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में माता-पिता की जिम्मेदारी भी तय होती है, क्योंकि वे अपने नाबालिग बच्चों पर सही नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं।

**बिट्स पिलानी कैंपस में छात्रा ने की आत्महत्या**

**गोवा।** दक्षिण गोवा के बिट्स पिलानी कैंपस में एक छात्रा के कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, 20 वर्षीय छात्रा इंजीनियरिंग की तीसरे वर्ष की छात्रा थी। वह रविवार देर रात अपने हॉस्टल कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई पाई गई। पुलिस को रात 11:00 बजे सूचना मिली।

## लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने की संसदीय नियमों की अनदेखी

# राहुल के 'चीन राग' पर रिजिजू बोले स्पीकर का अपमान हुआ, माफी मांगें

**लोकसभा अध्यक्ष ने कहा- नियमों के तहत ही बोलें**

राहुल गांधी के चीन से जुड़े बयान को लेकर भाजपा ने सदन की मर्यादा तोड़ने और लोकसभा अध्यक्ष का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान लोकसभा में उस वक्त विवाद खड़ा हो गया जब विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कथित रूप से संसदीय नियमों की अनदेखी की। राहुल गांधी के चीन से जुड़े बयान को लेकर भाजपा ने सदन की मर्यादा तोड़ने और लोकसभा अध्यक्ष का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी को सदन में नियमों के तहत बोलने की सख्त हिदायत दी। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई सदस्य तथ्यों और संसदीय नियमों के दायरे में बात नहीं रखता है, तो उन्हें दूसरे वक्ताओं को अवसर देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। यह चेतावनी उस वक्त दी गई जब राहुल गांधी ने चीन से जुड़े एक गैर-सूचीबद्ध मुद्दे को उठाने की कोशिश की। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भारत-चीन सीमा विवाद को लेकर पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज नरवणे की कथित आत्मकथा से संदर्भ दिए जाने पर उठे विवाद को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

**कांग्रेस का सरकार पर आरोप**

### संसद में नियमों की आड़ में राहुल गांधी की आवाज को दबा रहे

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार ने विपक्ष के नेता को चुप कराने के लिए वरिष्ठतम कैबिनेट मंत्रियों को आगे कर दिया और संसदीय नियमों की मनमानी व्याख्या की। तथाकथित राष्ट्रवादी सरकार अपनी विफलताओं के उजागर होने से इतनी घबराई हुई है कि उसने राहुल गांधी को बोलने से रोकने का प्रयास किया। पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की किताब के प्रकाशन को रोकने की कोशिश भी इसी डर का हिस्सा थी।



**विपक्ष को खामोश कर रहे**

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने संसदीय प्रक्रिया के नियमों की खुली गलत व्याख्या कर सदन और देश की जनता को यह जानने से वंचित किया कि चीन के साथ हुए संघर्ष में क्या गलतियां हुईं।

**केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक**

### संसद किसी व्यक्ति की जागीर नहीं, नियमों का पालन जरूरी

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के लिए राहुल गांधी को विपक्ष के नेता के तौर पर बोलने का अवसर दिया गया था। लेकिन शुरुआत से ही उन्होंने नियमों का उल्लंघन किया और एक ऐसी किताब से उद्धरण देने लगे, जिसकी न तो प्रामाणिकता स्पष्ट थी और न ही उसके प्रकाशन की कोई जानकारी दी गई। उन्होंने कहा राहुल गांधी बार-बार सदन के नियमों की अनदेखी करते हैं। यह बेहद शर्मनाक है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।



**बिना सूचीबद्ध मुद्दे उठाए**

रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने चीन जैसे संवेदनशील मुद्दे को बिना सूचीबद्ध कराए उठाया और नियमों के खिलाफ एक पत्रिका के लेख से उद्धरण देने की कोशिश की।

**सांसदों के अधिकार छीने जा रहेः बेनर्जी**



तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद कल्याण बेनर्जी ने संसद की कार्यप्रणाली और सत्ता पक्ष के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात देखकर ऐसा लगता है मानो संसद के भीतर सांसदों के लिए कुछ भी शेष नहीं बचा है। उनके मुताबिक, जनप्रतिनिधियों से धीरे-धीरे उनके सभी अधिकार छीने जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सही दिशा नहीं है। यह रास्ता ठीक नहीं है देश की जनता इसका जवाब जरूर देगी।

**पहली बार ऐसा हुआः जगदंबिका पाल**



इस मुद्दे पर भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी सांसद को एक ही बात दोहराने से पांच बार रोका गया। यह सब पूर्व नियोजित लग रहा था। उन्होंने राहुल गांधी के भाषण को शर्मनाक और निंदनीय बताते हुए कहा कि इस मामले में उचित कार्रवाई होनी चाहिए।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

मु.न. 344 दिनांक 15.12.2025 धारा 281, 106 BNS थाना धारूहेडा जिला रेवाडी।

नामपता नामालुम नाश की पहचान हेतु
माता- पिता का नाम - नामालुम
**उम्र** - 30 वर्ष लगभग, कद 5 फुट 9 इंच
**हुलिया** - रंग गेहुआ तथा काली कुंडी मुछें वा हल्की दाढ़ी वा दाहिने हाथ पर सुरमा से अंग्रेजी भाषा में SUSHIL KUMAR गुदा हुआ है
पहनावा मृतक ने काली शर्ट काली बनियान, BLACK-RED-WHITE जर्सी तथा हल्के हरे रंग का लोअर तथा मेहंदी रंग के स्पोर्टस जुते तथा BLUE-BLACK SOCKS पहने हुये है
दिनांक 14.12.2025 को शाम 6.30PM लगभग बांस रोड धारूहेडा नजदीक रिलाईंस स्मार्ट स्टोर के सामने एक नामपता नामालुम व्यकित बा उम्र 30 वर्ष का एक ट्रेलर द्वारा एकसिडेंट हो गया गया था।



जिस संबंध में उपरोक्त अभियोग अंकित किया गया था जिसके बारे अब तक कोई सुराग नही लग सका है। अगर किसी इलाका थाना मे उक्त हुलिया कि कोई गुमशुदगी दर्ज हो या किसी को इसके बारे में पता हो तो इसकी सुचना मिले तो निम्नलिखित फोन नंबरों पर संपर्क करने की कृपा करे।


अनुसंधानकर्ता के मौ.न. 9817666906
प्रबंधक थाना धारूहेडा मौ.न. 7056666125
कंट्रोल रुम रेवाडी मौ.न. 01272-225156, 9306952004

पीआरडीएच-1084/11/4413/2026/42581/88/6 दि. 02.02.26

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, सोनीपत।**

मु.न. 52 दिनांक 28.01.2026 धारा 140(3) बी.एन.एस. थाना खरखौदा जिला सोनीपत ।

**गुमशुदा की पहचान**
नाम सूरज ।
पिता का नाम - नरेश ।
पता - वासी पचलीं मेरठ उ0 प्र0 हाल गाँव खांड़ा खरखौदा जिला सोनीपत ।
उम्र - 17 वर्ष ।
कद - 5 फुट 3 ईन्च ।
**हुलियाः-** रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, काले बाल, काली आँखे, पतला शरीर है।
**पहनावा** - सफेद रंग की शर्ट, सफेद रंग की चद्दर, काले रंग की पेंट व पैरो में सफेद रंग के जूते पहने हुए है।



सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनाकं 27.01.2026 को सूरज पुत्र नरेश वासी पचलीं मेरठ उ0 प्र0 हाल गाँव खांड़ा खरखौदा जिला सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चला गया है। अब तक वापिस नही आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।

प्रबन्धक थाना मो. न.-7419410536
अनुसंधानकर्ता मो. न. - 9050667369
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत - 0130-2222903,100


अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस अधीक्षक,
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/4411/2026/42578/88/6 दि. 02.02.26

**मणिपुर में सरकार गठन की तैयारी**

## दिल्ली में एनडीए की बैठक हुई सकारात्मक परिणाम की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



पूर्व सीएम एन. बीरेन सिंह

मणिपुर में सरकार गठन को लेकर हलचल तेज हो गई है। मणिपुर भाजपा के 20 से अधिक विधायक, राज्य इकाई के अध्यक्ष सहित पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने मणिपुर के सभी एनडीए विधायकों के साथ बैठक की। पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह ने कहा कि चूंकि एनडीए सहयोगी दलों के सभी विधायकों को बैठक के लिए आमंत्रित किया जा रहा है, इसलिए मुझे सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। इससे पहले भाजपा के सभी विधायकों की बैठक हुई थी। राष्ट्रपति शासन का कार्यकाल 12 फरवरी को समाप्त हो रहा है। आइए सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद करें। उन्होंने कहा कि सरकार एक सतत प्रक्रिया है। मैंने मणिपुर के परिदृश्य को बदलने की पूरी कोशिश की। पहाड़ियों और घाटियों दोनों में काफी बदलाव हुए हैं।

**कर्नाटक में गर्मायी सियासत**

## बदला उर्दू स्कूलों का समय, भाजपा बोली-हिंदू त्योहरों में क्या दी थी छूट?

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु



मदरसे में बच्चे पढ़ाई करते

रमजान में प्रदेश के उर्दू स्कूलों का टाइम टेबल बदलने और जल्दी स्कूल बंद करने को लेकर शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है, जिस पर अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा की तरफ से कर्नाटक की कांग्रेस शासित सरकार पर सवाल उठाए गए और ये पूछा गया कि आखिर हिंदुओं के त्योहारों में सरकार द्वारा इस तरह की छूट क्यों नहीं दी जाती है? कर्नाटक में उर्दू और अन्य अल्पसंख्यक भाषा विद्यालयों के निदेशालय के एक निर्देश के अनुसार, रमज़ान के महीने में राज्य के उर्दू माध्यम के प्राथमिक और माध्यमिक प्राथमिक विद्यालयों के बंद होने का समय रमज़ान के महीने की शुरुआत से एक महीने के लिए सुबह 8:00 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक बढ़ा दिया गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि लेकिन क्या आपने किसी हिंदू त्योहार के दौरान ऐसी कोई छूट दी है?

**भारतीय सेना ज्वाइन करें**

जेएजी एंट्री स्कीम 124वां कोर्स (अक्तू. 2026) : कानून स्नातकों (पुरुष एवं महिलाएं) के लिए शॉर्ट सर्विस कमीशन (एनटी) कोर्स

**विशेषताएं**

*(नीचे दी गई जानकारी केवल सामान्य जागरूकता के लिए है)*
*(www.joinindianarmy.nic.in - पर प्रकाशित कोर्स अधिसूचना - एंट्री के बारे में विस्तृत सूचना के लिए देखी जानी चाहिए)*

| श्रेणी | वर्णन | अधिसूचना पैराग्राफ नं. |
|---|---|---|
| एंट्री का प्रकार | शॉर्ट सर्विस एंट्री (जेएजी) - 124 कोर्स | पैरा 1 |
| आयु | 01 जुलाई 2026 के अनुसार 21 से 27 वर्ष | पैरा 2 (बी) |
| जिनके लिए खुला | अविवाहित पुरुष एवं अविवाहित महिला (कानून स्नातक) | पैरा 1 |
| शैक्षणिक योग्यता | उनकी एलएलबी डिग्री में न्यूनतम 55% कुल अंक। क्लैट पीजी परीक्षा-2025 के लिए शामिल हुआ होना चाहिए | पैरा 2 (सी) |
| रिक्तियां | 08 | पैरा 3 |
| चयन प्रक्रिया | आवेदन › शॉर्टलिस्टिंग › एसएसबी › चिकित्सा › मेरिट सूची › ज्वाइनिंग लेटर | पैरा 10 |
| एसएसबी के लिए शॉर्टलिस्टिंग हेतु तिथि (क्लैट पीजी स्कोर पर आधारित) | मार्च का द्वितीय सप्ताह | - |
| एसएसबी हेतु संभावित अवधि और तिथियां | मई/जून 2026 में पांच दिन तक एसएसबी (एसएसबी केन्द्र और तिथियों के लिए च्वाइस मई में दो सप्ताह के लिए खुलेगी) | पैरा 10 (सी) |
| चिकित्सा मानक | www.joinindianarmy.nic.in पर दिये अनुसार | पैरा 11 |
| पूर्व कमीशन ट्रेनिंग एकेडमी | ऑफिसर ट्रेनिंग एकेडमी, चेन्नई | पैरा 5(ए) |
| प्रशिक्षण की अवधि | अक्तू. 2026 से 49 सप्ताह | पैरा 5 |
| प्रशिक्षण के दौरान स्टाइपेंड | रु. 56,100/- प्रति माह | पैरा 7(डी) |
| प्रशिक्षण के पश्चात रैंक | लेफ्टिनेंट | पैरा 7(ए) |
| कमीशनिंग पर वेतन | सीटीसी लगभग 17-18 लाख प्रतिवर्ष | पैरा 7(डी) |
| कमीशन का प्रकार | शॉर्ट सर्विस कमीशन | पैरा 4(ए) |
| रिलीज हेतु विकल्प | प्रथम-05 वर्ष के बाद, द्वितीय-10 वर्ष के बाद, तृतीय-14 वर्ष के बाद, | पैरा 4(ए) |
| स्थाई कमीशन हेतु विकल्प | 10 वर्ष के बाद | पैरा 4(ए) |
| कमीशन हेतु प्राईमरी आर्म्स/सर्विस | जेएजी ब्रांच | - |
| रिलीज लाभ | रिलीज पर सर्विस पर निर्भर करते हुए | - |

ऑनलाइन आवेदन 27 जनवरी 2026 को 1500 बजे खुलेंगे और 27 फरवरी 2026 को 1500 बजे बंद होंगे।

सीबीसी-10601/11/0069/2526

## अदालत ने केंद्र सरकार को दिए निर्देश याचिकाकर्ता के सुझावों पर करें विचार

**जाति जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल खारिज**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2027 में होने वाली जनगणना के दौरान नागरिकों की जाति दर्ज करने, वर्गीकरण और सत्यापन की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार और भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त के कार्यालय से याचिकाकर्ता द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि जाति आंकड़ों की पहचान के लिए कोई पूर्व-निर्धारित डेटा मौजूद नहीं है। पीठ ने कहा कि जनगणना की पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1958 और उसके तहत बने 1990 के नियमों के अनुसार संचालित होती है, जो संबंधित अधिकारियों को यह तय करने का अधिकार देते हैं कि जनगणना किस तरीके और किन बिंदुओं पर की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसे इस बात पर कोई संदेह नहीं है कि संबंधित प्राधिकरण विषय विशेषज्ञों की मदद से ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करेंगे, जिससे किसी भी प्रकार की त्रुटि की आशंका न रहे। अदालत ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए कुछ मुद्दे प्रासंगिक हैं। यह याचिका शिक्षाविद आकाश गोयल द्वारा दायर की गई थी, जिनकी ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुक्ता गुप्ता ने पक्ष रखा। याचिका में मांग की गई थी कि जाति संबंधी जानकारी दर्ज करने, उसे वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रश्नावली को सार्वजनिक किया जाए।

## कृत्रिम पैर मेज पर रख बोले- 31 साल पहले मुझ पर किया हमला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा में सोमवार को भाजपा के मनोनीत सांसद सी. सदानंदन मास्टर के भाषण के दौरान जमकर हंगामा हुआ। दरअसल, जब भाजपा नेता राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलना शुरू किया तो उन्होंने अपने कृत्रिम पैर मेज पर रख दिए और 31 साल पहले जानलेवा हमले की कहानी सुनाई। सदानंदन मास्टर ने सीपीएम पर हमला करते हुए कहा कि जो लोग आज संसद में लोकतंत्र की दुहाई दे रहे हैं, उन्होंने 31 साल पहले मुझ पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों की प्रतिबद्धता लोकतांत्रिक मूल्यों में नहीं है बल्कि राजनीतिक हिंसा में है। सी. सदानंदन मास्टर राज्यसभा के मनोनीत सदस्य हैं। 1994 में उन्हें आरएसएस का समर्थन करने के लिए कथित तौर पर लेफ्ट समर्थकों ने सबक सिखाने के लिए उनके पैर काट दिए थे। इस मामले में आरोपियों को कोर्ट से सजा भी हुई है।




**सीपीएम सांसद ने जताई आपत्तिः** राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर जब उन्होंने अपने कृत्रिम पैर मेज पर रखकर बोलना शुरू तो केरल के सीपीएम सांसद जॉन ब्रिट्टस ने तुरंत प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाया। उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए सदन में कृत्रिम अंग दिखाने पर आपत्ति जताई। तब आसन पर बैठे सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आश्वासन दिया कि वह सांसद से अपने कृत्रिम अंग नीचे रखने का निर्देश देंगे।

**पैर ऐसे काटे दोबारा जोड़े नहीं जा सकेः** सी. सदानंदन ने 31 साल पुरानी घटना के बारे में बताया कि उनकी बहन की शादी होने वाली थी। वह अपने चाचा से मिलकर घर लौट रहे थे, तभी हमलावरों ने उन्हें घेर लिया। उनके साथ मारपीट की गई और फिर जमीन पर गिराकर घुटनों के नीचे उनके दोनों पैर काट दिए थे। भाजपा सांसद ने कहा कि पैर काटने के बाद हमलावरों ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे भी लगाए।

## चिंतन

# संसद की गरिमा बनाए रखना सबका दायित्व

लोकसभा में कांग्रेस सांसद एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी के हालिया भाषण के दौरान हुआ हंगामा केवल एक राजनीतिक टकराव नहीं था, बल्कि इसने संसद की गरिमा, नियमों की मर्यादा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे संवेदनशील मुद्दों को फिर से केंद्र में ला खड़ा किया। नेता प्रतिपक्ष द्वारा पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल एम.एम. नरवणे की कथित अप्रकाशित पुस्तक 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' के हवाले से चीन की घुसपैठ का जिक्र किए जाने पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताया, जिसके बाद सदन में व्यवस्था बाधित हुई। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है। यहां सत्ता और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है कि वे न केवल अपनी बात मजबूती से रखें, बल्कि स्थापित नियमों, गरिमा और परंपराओं का भी पालन करें। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा अत्यंत संवेदनशील होती है। ऐसे में किसी अप्रकाशित पुस्तक या लीक अंशों के आधार पर बयान देना स्वाभाविक रूप से सवाल खड़े करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह का यह कहना कि अप्रकाशित सामग्री का हवाला देना सदन के नियमों के खिलाफ है, प्रक्रियात्मक दृष्टि से उचित माना जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर, विपक्ष का तर्क भी पूरी तरह खारिज नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रतिष्ठित पूर्व सैन्य अधिकारी के कथित अनुभवों के आधार पर सरकार की नीतियों और निर्णयों पर सवाल उठाए जा रहे हैं, तो उन सवालों को सुनना भी लोकतांत्रिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। अखिलेश यादव का यह कहना कि चीन से जुड़ा मामला देश की सुरक्षा से संबंधित है और उस पर चर्चा होनी चाहिए, विपक्षी दृष्टिकोण को दर्शाता है। असल समस्या यहां "स्रोत की प्रमाणिकता" बनाम "मुद्दे की गंभीरता" की है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बार-बार नियमों का हवाला देते हुए राहुल को संयम बरतने की सलाह दी। नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वे जो भी तथ्य सदन में रखें, वे निर्विवाद और आधिकारिक हों। प्रियंका गांधी के उदाहरण का उल्लेख कर स्पीकर ने स्पष्ट संकेत दिया कि तथ्य यदि प्रमाणिक हों, तो उन्हें रखने में कोई बाधा नहीं होनी चाहिए। चीन की घुसपैठ, रेजांग ला, रेचिन ला की घटनाएं और 2020 के तनावपूर्ण हालात देश पहले ही देख चुका है। ऐसे में यदि कोई बयान सेना और सरकार के बीच संवाद को लेकर संदेह पैदा करता है, तो उसका प्रभाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि कूटनीतिक और रणनीतिक भी हो सकता है। इसी कारण सत्ता पक्ष का यह आग्रह कि ऐसी बातों को सार्वजनिक मंच पर कहने से पहले पूरी तरह सत्यापित किया जाए, समझ में आता है। अग्निवीर योजना को लेकर नरवणे के कथित विचारों का जिक्र भी विवाद का एक अहम बिंदु रहा, लेकिन फिर वही सवाल कि क्या ऐसे दावे आधिकारिक रूप से उपलब्ध हैं, या केवल लीक अंशों और लेखों पर आधारित हैं? संसद में बहस भावनाओं से नहीं, तथ्यों से चलनी चाहिए। इस पूरे घटनाक्रम से एक बात साफ है संसद की गरिमा बनाए रखना केवल स्पीकर या सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि विपक्ष की भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र में सरकार से सवाल पूछना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन उसके साथ मर्यादा और नियमों का पालन अनिवार्य है। अंततः, संसद का उद्देश्य हंगामा नहीं, समाधान है। राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर राजनीति से ऊपर उठकर गंभीर, तथ्यपरक और जिम्मेदार चर्चा की आवश्यकता है। तभी संसद अपनी गरिमा बनाए रख सकेगी और लोकतंत्र की नींव मजबूत होगी।



चर्चा
अखिलेश आर्येन्दु

नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहूलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।

# वेनेजुएला-भारत संबंध नई ऊंचाई पर

विश्व के बदलते परिदृश्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज से टेलीफोन पर हुई बातचीत चर्चा का विषय बन गई है। इसकी अधिक चर्चा इसलिए भी हो रही है क्योंकि अमेरिका द्वारा वहां के पूर्व राष्ट्रपति को बंधक बनाकर अमेरिकी जेल में डालने (और दुनिया के तमाम देशों द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप की इस दबंगई की निंदा) के बाद यह माना जा रहा था कि शायद ट्रंप का अगला कदम ग्रीनलैंड पर कब्जा करना हो सकता है। अभी तक भारत इंतजार करो और देखो की नीति (भूमिका) अपनाए हुए था। ऐसे में अचानक वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति से विस्तार से वार्ता पर अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देशों की निगाहें टिकी हैं। चर्चा यह भी हो रही है कि प्रधानमंत्री ने अमेरिका को इस वार्ता के जरिए अपना रुख साफ कर दिया है। गौरतलब है कि इस टेलीफोन वार्ता ने वैश्विक ऊर्जा राजनीति में हलचल पैदा कर दी है।

वार्ता मुख्यतः तेल और उसकी धार पर आधारित होने की वजह से भारत को तेल निर्यात करने वाले देश इस वार्ता के बाद भारत के अगले कदम की प्रतीक्षा करने लगे हैं। खासकर रूस और अरब देश। यह वार्ता कई मायने में खास मानी जा रही है। जाहिर तौर पर इस वार्ता के बाद सहमतियों को देखते हुए, यह माना जाने लगा है कि इसका परोक्ष असर भारत का रूस पर तेल निर्भरता कम होने के रूप में हो सकता है। यह भी माना जा रहा है कि इससे अमेरिका से व्यापारिक दबाव कम करने और ग्लोबल साउथ में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत करने में भारत को सहूलियत होगी। वहीं, इस वार्ता के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने वाशिंगटन डीसी से एअर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अब भारत ईरान से कच्चा तेल खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेगा। यह भी दावा किया कि अब भारत ने वेनेजुएला से तेल खरीदने का सौदा कर लिया है। गौरतलब है भारत ने 2019 से वेनेजुएला से तेल खरीदना बंद कर दिया था। यह वह दौर था जब अमेरिका ने वेनेजुएला पर बहुत कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए थे। अमेरिका ने सेकेंडरी सेंक्शंस भी लगा दिए थे, यानी जो भी देश वेनेजुएला से तेल खरीदेगा, उसे अमेरिकी बाजार में व्यापार करने या बैंकिंग सुविधाओं से रोक दिया जाएगा। भारत भी वेनेजुएला से 2019 के पहले अपने तेल आयात का 6 प्रतिशत तेल खरीदता था, लेकिन अमेरिका के जरिए वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध के बाद उसे अपनी तेल आयात नीति में बदलाव करना पड़ा था। अब फिर दोनों देशों में संशोधित नीति के तरह भारत ने अपनी पुरानी नीति को आगे बढ़ाते हुए 30 जनवरी 2026 को तेल खरीदने पर एक नई सहमति बनी है। वैसे भारत ने 2024 में अमेरिका ने वेनेजुएला पर लगाए प्रतिबंध कुछ ढीले किए तो 2023-24 में पुनः तेल खीदना शुरू किया था, लेकिन यह खरीदारी बहुत मामूली थी। तेल के आयात में लगातार वृद्धि होती रही, जो 2025 में बढ़कर तकरीबन 1.41 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह वह दौर था जब अमेरिका की नज़र वेनेजुएला पर तिरछी नहीं हुई थी। मई 2025 में अमेरिका ने एक बार फिर वेनेजुएला पर सख्ती बढ़ा दी, तब भारत ने वेनेजुएला से तेल का आयात कम कर दिया। भारत की तेल कंपनियां बगैर अमेरिका से अनुमति लिए वेनेजुएला



से सीधे तेल नहीं खरीद सकतीं। इसलिए भारत की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस ने अमेरिका के यूएस स्टेट डिपार्मेंट और यूएस ट्रेजरी डिपार्मेंट से बातचीत करना शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि 2025 में रिलायंस ने वेनेजुएला से 63,000 बेरल तेल खरीदा था। मार्च 2025 के बाद अमेरिका ने तेल खरीदने का मिला लाइसेंस रद्द कर दिया और वेनेजुएला से तेल खरीदने वाले देशों पर भारी-भरकम टैरिफ थोपने की धमकी दी। इसका असर यह हुआ कि मई 2025 के बाद वेनेजुएला से कोई तेल का जहाज भारत के लिए रवाना नहीं हुआ।

अब अप्रत्यक्ष रूप से वेनेजुएला की तेल रिफाइनरियों पर अमेरिका का कब्जा है। ट्रंप अब खुलकर बोलने लगे हैं कि बगैर उसकी अनुमति के कोई भी देश वेनेजुएला से तेल नहीं खरीदेगा। यदि कोई देश वेनेजुएला से तेल खरीदता है तो उसकी रकम अमेरिका ही वसूल करेगा। ट्रंप ने यह भी साफ कर दिया है कि वेनेजुएला की राष्ट्रपति अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल तेल सौंपेंगी और उस तेल को अमेरिका दुनिया के बाजार भाव से बेचेगा। यानी तेल की हर बूंद पर अमेरिका अपने कब्जे में लेना चाहता है। सवाल यह है कि क्या भारत-वेनेजुएला की ताजा सहमति (डील) तेल को लेकर बनी है, वह अमेरिकी राष्ट्रपति की सहमति से हुई है? यह सवाल इसलिए वाजिब लग रहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति का कहना है कि 5 करोड़ बैरल तेल से हुई आय का इस्तेमाल वेनेजुएला-अमेरिका के लोगों के कल्याण के लिए किया जाएगा। इसी के साथ सवाल यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति कैसे तय करेंगे कि वेनेजुएला के लोगों का कल्याण या जरूरत किस तरह की है? भारत वेनेजुएला से आयातित तेल का पैसा किसे सौंपेगा-वेनेजुएला को, या अमेरिका को? यदि अमेरिका को तेल की रकम भारत सौंपता है तो इसका मतलब वेनेजुएला से तेल के संबंध में मोदी और वेनेजुएला की राष्ट्रपति से बातचीत का कोई मायने समझ में नहीं आता है। इसलिए वेनेजुएला के हालात जब तक सामान्य न हो जाएं, तब तक वेनेजुएला से तेल खरीदना भारत के लिए कितना फायदेमंद रहेगा, इस पर विचार करने की बेहद जरूरत है।

तेल आयात से निकल कर यदि हम वेनेजुएला से हुई बातचीत से निकले निष्कर्ष पर नज़र डालें तो पाएंगे कि दोनों देश के प्रमुखों ने ऊर्जा, कृषि, विज्ञान, प्रोद्यौगिकी, तकनीक, उद्योग, माइनिंग, पर्यटन और आटोमोटिव सेक्टर्स पर विस्तार से चर्चा की। इन्हें 2026 में आगे बढ़ाने पर सहमति भी दिखाई देती है, लेकिन सवाल यह है कि जब तक ट्रंप की कूटनीति साफ नहीं होती और अचानक कुछ भी निर्णय लेने और जबरन भारत या वेनेजुएला पर थोपने का उनका संशय बना रहेगा, तब तक इन सहमतियों पर निर्भीकता के साथ क्या आगे बढ़ना आसान होगा? वेनेजुएला-भारत की हुई सहमतियों को खारिज कर अमेरिका अपनी धमकी वाली नीति लागू कर दे, कौन जानता है? हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि रूस से सबसे ज्यादा तेल खरीदने पर किस तरह ट्रंप टैरिफ सहित किस तरह की धमकियां भारत को देते रहे हैं। भारत की यह नई पहल मामूली नहीं है, ट्रंप यह क्यों चाहेंगे कि भारत सीधे वेनेजुएला से सभी सरह के व्यापारिक हित साधे और उसे नजरअंदाज करे। क्या भारत को वेनेजुएला से आपसी सामरिक हितों की बात करते हुए यह साफ करने की जरूरत नहीं है कि नई सहमतियों को आगे बढ़ाने में संभावित बाधाओं से कैसे पार पाया जाएगा? क्योंकि अमेरिका अभी तेल सहित तमाम मुद्दों पर भारत के हर कदम को अपने निजी हितों से जोड़कर देखेगा, वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति को अधिकार देने और उक्त पद पर बिठाने की जैसी नीति अमेरिका की अभी तक रही है, वह तेल देखो और तेल की धार देखो के इर्द-गिर्द रही है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

सुनील कुमार महला



# मीर तकी मीर : दर्द को गीत बनाने वाला शायर

साहित्यकार, उर्दू साहित्य के महानतम शायर मीर तकी मीर (1723–1810) का 3 फरवरी को जन्मदिन मनाया जाता है। मीर तकी मीर सिर्फ़ ग़ज़ल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज़ थे। मीर उर्दू ग़ज़ल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। पाठकों को बताता चलूं कि उन्हें 'ख़ुदा-ए-सुख़न' यानी कि शायरी का ख़ुदा/ भगवान कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती है। उर्दू ही नहीं, फ़ारसी भाषा पर भी उनकी मज़बूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है जिसमें फ़ारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका जन्म आगरा में तथा मृत्यु लखनऊ में हुई।

मीर तक़ी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया। उनका मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियों की यदि हम यहां पर बात करें तो इनमें क्रमशः ज़िक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दू रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फ़ारसी (फ़ारसी रचनाओं का संग्रह), फ़ैज़-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फ़ारसी ज़बान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की ज़िंदगी



मुफ़लिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एक बार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने ग़म जमा किए तो दीवान किया।' कहना ग़लत नहीं होगा कि दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' गौरतलब है कि नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल़-ए-मुमतऩा' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज़ जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो। महान शायर मिर्जा ग़ालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि ग़ालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना।

ग़ालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-' रेख़्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो ग़ालिब, कहते हैं अगले ज़माने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क़ है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाज़ुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज़ आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्म स्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुक़ाबला कौन करे।' मीर सिर्फ़ उर्दू ग़ज़ल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज़ हैं।

उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे ज़ख़्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फ़ारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और ग़ज़ल को आत्मा की आवाज़ बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ़ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## धैर्य का फल हमेशा मीठा होता है !



संकलित
दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

## अहंकार का त्याग ही तपस्या का मूलमंत्र



संकलित
प्रेरणा

एक साधु व एक डाकू एक ही दिन मरकर यमलोक पहुंचे धर्मराज उनके कर्मों का लेखा-जोखा खोलकर बैठे थे और उसके हिसाब से उनकी गति का हिसाब करने लगे। धर्मराज ने दोनों से कहा: मैं अवसर देता हूं, कह सकते हो। डाकू अत्यंत विनम्र शब्दों में बोला महाराज: मैंने जीवन भर पापकर्म किए जिसने केवल पाप ही किया हो वह क्या आशा रखे आप जो दंड दें, मुझे स्वीकार है। डाकू के चुप होते ही साधु बोला महाराज: मैंने आजीवन तपस्या और भक्ति की है मैं कभी असत्य के मार्ग पर नहीं चला। धर्मराज ने दोनों की बात सुनी फिर डाकू से कहा: तुम्हें दंड दिया जाता है कि तुम आज से इस साधु की सेवा करो डाकू ने सिर झुकाकर आज्ञा स्वीकार कर ली। यमराज की यह आज्ञा सुनकर साधु ने आपत्ति जताते हुए कहा: महाराज! इस पापी के स्पर्श से मैं अपवित्र हो जाऊंगा मेरी तपस्या तथा भक्ति का पुण्य निरर्थक हो जाएगा मेरे पुण्य कर्मों का उचित सम्मान नहीं हो रहा है। धर्मराज को साधु की बात पर बड़ा क्षोभ हुआ वह क्षुब्ध होकर बोले: निरपराध व्यक्तियों को लूटने और हत्या करने वाला डाकू मर कर इतना विनम्र हो गया कि तुम्हारी सेवा करने को तैयार है। तुम वर्षों के तप के बाद भी अहंकार ग्रस्त ही रहे यह नहीं जान सके कि सब में एक ही आत्मतत्व समाया हुआ है तुम्हारी तपस्या अधूरी और निष्फल रही अतः आज से तुम इस डाकू की सेवा करो, और तप को पूर्ण करो।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### शादियों में लुप्त होती लोक संस्कृति

शादियों में अकसर जो लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, अब यह शादियों में कम ही सुनने को मिलते हैं। यही नहीं कुछ समय पहले तक तो शादी तीन-चार दिन तक चलती थी, सभी रिश्तेदार एक साथ मिल बैठते, इससे रिश्तों की डोर मजबूत होती थी। शादियों में ऐसे लोकगीत महिलाओं द्वारा गाए जाते थे, जिनमें लोक सभ्यता, संस्कृति और इतिहास की खुशबू आती थी। लेकिन अफसोस अब हमारी शादियों पर भी पश्चिमी सभ्यता का रंग चढना शुरू हो गया, इस कारण न तो शादियों में वो पुराने लोकगीत सुनने को मिलते और न ही वो खान-पान। अगर हमें अपनी भावी पीढ़ी को रिश्तों की कद्र करना सिखानी है, तो हमें अपनी लोक संस्कृति की विरासत को संभालकर रखना होगा।

**- मिलींद जोशी**, बिलासपुर

## ट्रेंड


### उल्लेखनीय बढ़ोतरी



दिल्ली में केंद्र सरकार के सहयोग से चल रही योजनाओं के बजट में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। हम इस बढ़े हुए प्रावधान का अधिकतम लाभ उठाकर हर योजना को तेज गति से जमीन पर उतारेंगे, ताकि दिल्लीवासियों तक पूरा लाभ पहुंचे और विकसित दिल्ली का निर्माण हो पाए।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### स्वास्थ्य सेवा मॉडल



गोवा को वास्तविक स्वास्थ्य सेवा और ईमानदार सरकार की ज़रूरत है जो इसे लागू कर सके। पोंडा टाउन हॉल में, मैंने बताया कि कैसे आम आदमी पार्टी का सिद्ध स्वास्थ्य सेवा मॉडल हर गोवावासी के लिए आशा और गुणवत्तापूर्ण देखभाल ला सकता है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**


### प्रदेश से सौतेलापन



देश के सबसे बड़े राज्य राजस्थान का बजट भाषण में कोई मेंशन न होना प्रदेश के साथ हो रहे सौतेलेपन की झलक है। कुल मिलाकर डबल इंजन के बावजूद यह बजट राजस्थान के लिए 'ऊंची दुकान फीका पकवान' साबित हुआ है।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### बजट में नहीं समाधान



मोदी सरकार के पास अब सोच की कमी है, आईडिया खत्म हो गए हैं। आम बजट 2026 भारत की कई आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक चुनौतियों का एक भी समाधान नहीं देता है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवागमन के लिए फिर खुली

मिस्र और इजराइल के सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि गाजा की मिस्र से सटी रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवाजाही के लिए फिर से खोल दी गई है, जो हमास के साथ संघर्षविराम के आगे बढ़ने की दिशा में एक अहम कदम है। मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि क्रॉसिंग को खोले जाने के पहले दिन 50 फलस्तीनी आ-जा सकेंगे, लेकिन इसके खुलने के पहले घंटे में किसी को भी वहां से गुजरते नहीं देखा गया। मिस्र के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता वाले लगभग 20,000 फलस्तीनी बच्चे और वयस्क इस सीमा मार्ग से तबाह गाजा से बाहर निकलने की उम्मीद कर रहे हैं। क्षेत्र से बाहर रहने वाले हजारों अन्य फलस्तीनी भी इस सीमा मार्ग से प्रवेश करने और अपने घर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। मिस्र के सरकारी मीडिया और एक इजराइली सुरक्षा अधिकारी ने भी सीमा क्रॉसिंग दोबारा खुलने की पुष्टि की। अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। युद्ध से पहले, रफाह गाजा में आने-जाने वाले लोगों के लिए मुख्य मार्ग था। इस क्षेत्र के कुछ अन्य मार्ग भी हैं जो इजराइल के साथ जुड़ते हैं।



## ऑफ बीट

# एआई को लिखने और गिनने में क्यों होती है कठिनाई

एआई छवि जनरेटर क्या उत्पादन कर सकते हैं और हम क्या कर सकते हैं, के बीच एक अजीब असमानता बनी हुई है। उदाहरण के लिए, ये उपकरण अक्सर वस्तुओं की गिनती और सटीक पाठ तैयार करने जैसे सरल दिखने वाले कार्यों के लिए संतोषजनक परिणाम नहीं देते हैं। यदि जनरेटिव एआई रचनात्मक अभिव्यक्ति में इतनी अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंच गया है, तो इसे उन कार्यों के साथ संघर्ष क्यों करना पड़ता है जिन्हें एक प्राथमिक विद्यालय का छात्र भी अच्छे से कर सकता है? अंतर्निहित कारणों की खोज से एआई की जटिल संख्यात्मक प्रकृति और इसकी क्षमताओं की बारीकियों पर प्रकाश डालने में मदद मिलती है। लेखन में एआई की सीमाएँ मनुष्य विभिन्न फ़ॉन्ट और लिखावट में लिखे गए पाठ प्रतीकों (जैसे अक्षर, संख्या और चिन्हों) को आसानी से पहचान सकते हैं। हम विभिन्न संदर्भों में भी पाठ तैयार कर सकते हैं, और समझ सकते हैं कि संदर्भ कैसे अर्थ बदल सकता है। वर्तमान एआई छवि जनरेटर में इस अंतर्निहित समझ का अभाव है। उन्हें इस बात की कोई सच्ची समझ नहीं है कि किसी पाठ प्रतीक का क्या मतलब है। ये जनरेटर बड़ी मात्रा में छवि डेटा पर प्रशिक्षित कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क पर बनाए गए हैं, जिससे वे संबंधों को 'सीखते हैं' और भविष्यवाणियां करते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# मुंबई टीम में लौटे ठाकुर-जायसवाल, कर्नाटक के खिलाफ खेलेंगे क्वार्टर फाइनल



एजेंसी ▶▶ मुंबई

कप्तान शारदुल ठाकुर और भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को 6 फरवरी से कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया।

मुंबई की टीम चार जीत और तीन ड्रॉ से एलीट ग्रुप डी में शीर्ष पर रही जबकि कर्नाटक ने ग्रुप ए के अपने अंतिम लीग मैच में पंजाब पर रोमांचक जीत की बदौलत अंतिम आठ में जगह बनाई। मुंबई और कर्नाटक के बीच क्वार्टर फाइनल 6 से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम 7 फरवरी से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के मुकाबलों की मेजबानी करेगा।

## रणजी ट्रॉफी : 6 से 10 फरवरी तक एमसीए बीकेसी मैदान में भिड़ेंगी दोनों टीम

### दूसरी बार मुंबई के लिए खेलेंगे जायसवाल

रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में जायसवाल दूसरी बार मुंबई के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। इससे पूर्व वह राजस्थान के खिलाफ पहले दौर के मैच में खेले थे। मुंबई क्रिकेट संघ और सीनियर चयन पैनल ने चयन के लिए भारत के इस सलामी बल्लेबाज के नाम पर विचार नहीं किया था क्योंकि वह रविवार को संपन्न हुए ग्रुप चरण के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने में नाकाम रहे थे। जायसवाल टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। इस बीच ठाकुर मुंबई के नियमित कप्तान सिद्धेश लाड की जगह टीम की अगुआई करेंगे, जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान उन्हें लगी चोट के बाद टीम की कप्तानी की थी।

### टीम इस प्रकार

शारदुल ठाकुर, यशस्वी जायसवाल, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड, अखिल हेरवादकर, आकाश आनंद, हार्दिक तमोरे, साईराज पाटिल, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, ओंकार तरमाले, दिव्यांश सक्सेना और सूर्यांश शेडगे।




## खबर संक्षेप



### सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिपः बांग्लादेश से हारा भारत

**पोखरा।** भारतीय अंडर-17 महिला राष्ट्रीय टीम को पोखरा रंगशाला स्टेडियम में सैफ अंडर-19 महिला चैंपियनशिप 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के लिए दोनों गोल पहले हाफ में अर्पिता बिश्वास (29वें मिनट) और अल्पी अख्तर (40वें मिनट) ने दागे। भारत की अंडर-17 टीम अधिक आयु वर्ग के टूर्नामेंट 'अंडर-19 चैंपियनशिप' में हिस्सा ले रही है, जिससे कि एएफसी अंडर-17 महिला एशिया कप की तैयारी कर सके। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में नेपाल को 1-0 किया था।

### इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराया, सीरीज की अपने नाम



**पाल्लेकल।** टॉम बेंटोन के 33 गेंद में नाबाद 54 रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर छह विकेट से जीतकर श्रृंखला अपने नाम कर ली। इंग्लैंड के पास तीन मैचों की श्रृंखला में 2 . 0 की विजयी बढत हो गई है। बेंटोन ने अपनी पारी में तीन छक्के और चार चौके लगाए, जिसके दम पर इंग्लैंड ने 17 ओवर में 168 रन के संशोधित लक्ष्य के जवाब में 16 . 4 ओवर में चार विकेट पर 173 रन बनाए। जोस बटलर ने 29 गेंद में 39 रन जोड़े। इससे पहले श्रीलंका ने पांच विकेट पर 189 रन बनाए।

### वैदेही चौधरी मुंबई ओपन के पहले दौर में हारीं

**मुंबई।** भारत की वैदेही चौधरी को मुंबई ओपन 125 के पहले दौर में सोमवार को यहां तीसरी वरीयता प्राप्त लिओलिया जीनजीन से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। भारत की दूसरे नंबर की महिला एकल खिलाड़ी वैदेही को फ्रांस की जीनजीन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। जीनजीन ने 2022 के फ्रेंच ओपन में पूर्व विश्व नंबर एक कैरोलिना प्लिस्कोवा को हराकर सुर्खिया बटोरी थी। जीनजीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक घंटे से कुछ अधिक समय तक चले मुकाबले में 6-2, 6-0 से जीत दर्ज की।

### दिल्ली खेल महाकुंभ 13 फरवरी से शुरू होगाः सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने वित्त वर्ष के लिए खेल एवं युवा मामलों के बजट में तीन गुना वृद्धि का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि सरकार 13 फरवरी से राष्ट्रीय राजधानी में 'दिल्ली खेल महाकुंभ' का शुभारंभ करेगी। सूद ने यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्घाटन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता करेंगी, जिसमें शुरुआत में सात खेल (कबड्डी, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कुश्ती, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और स्क्वाश) शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में 20,000 से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।

7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में महामुकाबला

# टी20 वर्ल्ड कप के वार्म अप मैचों का शेड्यूल आया सामने, खेले जाएंगे 16 मैच

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने मेंस टी20 वर्ल्ड कप वार्म-अप मुकाबलों के शेड्यूल की पुष्टि कर दी है। 2 से 6 फरवरी के बीच कुल 16 वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन होगा, जिससे पहले वार्म-अप मैच भी इन्हीं देशों में खेले जाएंगे।

भारतीय सरजमीं पर बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) ग्राउंड 1 और नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम और चेन्नई में एमए चिदंबरम स्टेडियम में वार्म-अप मैच खेले जाएंगे। दूसरी ओर, श्रीलंका में एसएससी क्रिकेट ग्राउंड और कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड में वार्म-अप मैच आयोजित होंगे। 2 फरवरी को वार्म-अप मैच में भारत-ए यूएसए से भिड़ी। इसके बाद भारतीय टीम 4 फरवरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले में उतरेगी। 6 फरवरी को भारत-ए की टीम नामीबिया के विरुद्ध वार्म-अप मुकाबला खेलेगी।




## वार्म-अप मुकाबलों का शेड्यूल

### 2 फरवरी

***अफगानिस्तान बनाम स्कॉटलैंड:*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
***यूएसए बनाम इंडिया 'ए':*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 5 बजे से)*
***कनाडा बनाम इटली:*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 7 बजे से).*

### 3 फरवरी

***ओमान बनाम श्रीलंका 'ए':*** *कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (दोपहर 1 बजे से).*. ***नीदरलैंड बनाम जिम्बाब्वे:*** *आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (दोपहर 3 बजे से).* ***नेपाल बनाम यूएई:*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (शाम 5 बजे से).*

### 4 फरवरी

***स्कॉटलैंड बनाम नामीबिया:*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 2, बेंगलुरु (दोपहर 1 बजे से)*
***अफगानिस्तान बनाम वेस्टइंडीज:*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (दोपहर 3 बजे से)*
***पाकिस्तान बनाम आयरलैंड:*** *एसएससी क्रिकेट ग्राउंड, कोलंबो (शाम 5 बजे से).*
***भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका:*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

### 5 फरवरी

***जिम्बाब्वे बनाम ओमान:*** *कोलंबो क्रिकेट क्लब ग्राउंड, कोलंबो (सुबह 11 बजे से)*
***नेपाल बनाम कनाडा:*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 1 बजे से)*
***ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड:*** *आर. प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो (शाम 5 बजे से)*
***न्यूजीलैंड बनाम यूएसए:*** *डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई (शाम 7 बजे से).*

### 6 फरवरी

***इटली बनाम यूएई:*** *एमए चिदंबरम स्टेडियम, चेन्नई (दोपहर 3 बजे से).* ***इंडिया 'ए' बनाम नामीबिया:*** *बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड 1, बेंगलुरु (शाम 5 बजे से).*

# टी20 वर्ल्ड कप से पहले तिलक वर्मा इंडिया ए स्क्वॉड में शामिल



एजेंसी ▶▶ मुंबई

आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा को टी20 विश्व कप के अभ्यास मुकाबलों के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया जबकि लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज मयंक यादव की भी टीम में वापसी हुई।

**मयंक यादव की टीम में वापसी**

तिलक को ग्रोइन की चोट से पूरी तरह उबरने के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से खेलने की स्वीकृति मिल गई है। वह सीनियर राष्ट्रीय टीम में फिर से शामिल होने से पहले दो अभ्यास मैच में से एक में खेलेंगे।

यह बाएं हाथ का बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल ही में हुई टी20 श्रृंखला में नहीं खेल पाया था, जिसमें श्रेयस अय्यर को उनकी जगह मौका दिया गया था।

### भारत ए का बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया से सामना

बीसीसीआई ने टीम की घोषणा करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'तिलक वर्मा सीनियर टीम में शामिल होने से पहले एक अभ्यास मैच खेलेंगे।' भारत ए की टीम नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में अमेरिका से भिड़ी जबकि शुक्रवार को बेंगलुरु के सीओई में नामीबिया का सामना करेगी। आयुष बडोनी 15 सदस्यीय भारत ए टीम की कप्तानी करेंगे, जिसमें नमन धीर, विपराज निगम और रियान पराग भी शामिल हैं। मयंक स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण एक साल से अधिक समय से टीम से बाहर थे।

### भारत ए टीम

*आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन जगदीशन, तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल, गुरजपनीत सिंह, विपराज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद, मयंक यादव।*

# बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन अवार्ड्स के लिए नामांकित हरमनप्रीत, स्मृति और दिव्या



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



महिला क्रिकेट की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप-कप्तान स्मृति मंधाना तथा शतरंज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिव्या देशमुख '2025 बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कारों के लिए नामांकित हैं। पिस्टल निशानेबाजी में सनसनी मचाने वाली सुरुचि सिंह और ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ज्योति याराजी इस प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार के लिए नामांकित अन्य दो खिलाड़ी हैं।

बीबीसी न्यूज की अंतरिम वैश्विक निदेशक फियोना क्रैक ने कहा, 'इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर' पुरस्कार पूरे भारत में महिलाओं की खेल प्रतिभाओं के एक वर्ष का प्रतीक है और बीबीसी विश्व सेवा अन्य किसी भी मीडिया प्रदाता की तुलना में इन प्रयासों को प्रदर्शित करने और उनका जश्न मनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' उन्होंने कहा, ' हम इन महिलाओं को भारत और दुनिया भर के दर्शकों के सामने अपनी मेहनत से हासिल की गई उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करके रोमांचित हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत ने नवंबर 2025 में देश को आईसीसी महिला विश्व कप का पहला खिताब दिलाया था। इसी टीम की उप कप्तान 29 साल की मंधाना पहले से ही क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज करा चुकी हैं।

### 'फैनकोड' ने आईएसएल 2025-26 के लिए टीवी और डिजिटल प्रसारण अधिकार हासिल किए

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने 14 फरवरी से शुरू हो रही इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2025-26 के संक्षिप्त सत्र के लिए 'फैनकोड' को विशेष वैश्विक प्रसारण अधिकार प्रदान किए। 'फैनकोड' ने इस प्रक्रिया में छह अन्य प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ा। लीग के वैश्विक और घरेलू दोनों स्तरों पर प्रोडक्शन अधिकार 'केलिडोस्कोप प्रोडक्शन एंड सर्विसेज (केपीएस स्टूडियोज)' को सौंपे गये हैं। आईएसएल की अंतरिम प्रबंध समिति और 'प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफक्यू)' समिति ने प्रसारण और प्रोडक्शन साझेदारों का चयन किया।

# ऑस्ट्रेलिया को झटका, वर्ल्ड कप के शुरुआती मैच नहीं खेलेंगे हेजलवुड




एजेंसी ▶▶ सिडनी

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट से उबरने के बाद श्रीलंका में टी20 विश्व कप के शुरुआती मैचों के लिए टीम के साथ नहीं जाएंगे।

राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने यह जानकारी दी । नाथन हिल्स, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को टीम से जुड़ेंगे। आस्ट्रेलिया को प्रारंभिक दौर के चार मैच श्रीलंका में खेलने हैं। उसे पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड से खेलना। हेजलवुड टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में सिडनी में रहेंगे। सीन एबोट यात्रा रिजर्व के तौर पर टीम के साथ जाएंगे। हेजलवुड चोट के कारण 2025- 26 एशेज श्रृंखला से भी बाहर रहे थे।

डोडेमेड ने यह नहीं बताया कि हेजलवुड कब से खेल सकेंगे। आस्ट्रेलिया के प्रारंभिक दौर के मुकाबले 20 फरवरी को खत्म होंगे। टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाएगा।

## अनाहत ने जीता पहला पीएसए कांस्य स्तर का खिताब ...




**वॉशिंगटन।** युवा स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में पीएसए कांस्य स्तर का खिताब जीता। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 15 वर्ष की अनाहत ने स्क्वाश आन फायर ओपन जीता, जो उनके कैरियर का 15वां खिताब है। जीत के बाद उसने कहा,' मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी। मुझे खुशी है कि ऐसा कर सकी।'

पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर

# एशिया टीम चैंपियनशिपः भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶ किंगदाओ

स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू के बिना कमजोर पड़ी भारतीय महिला टीम को मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा जबकि पुरुष टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी।

भारत ने पिछले सत्र में मलेशिया में अपना पहला महिला टीम स्वर्ण जीतकर इतिहास रचा था लेकिन चोट के कारण सिंधू के हटने से उनकी पदक जीतने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में चैंपियन टीम का हिस्सा थी लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। इसके अगले दो साल में तन्वी गुवाहाटी में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक और अमेरिकी ओपन सुपर 300 में फाइनल तक पहुंचकर महिला एकल में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं।

### 2025 के सफल सत्र के बाद खेलेंगी उन्नति

उन्नति हुड्डा भी 2025 के सफल सत्र के बाद इस टूर्नामेंट में आ रही हैं। यह 18 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग हासिल करने में सफल रहीं। उन्होंने चीन ओपन में सिंधू को भी हराया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय उन्नति ने 2025 में ओडिशा मास्टर्स का खिताब भी जीता। एकल में जिम्मेदारी अब मालविका बंसोड़ और रक्षिता श्री संतोष रामराज पर भी होगी।



### पुरुष टीम पर अच्छा प्रदर्शन दोहराने की जिम्मेदारी

*भारतीय पुरुष टीम 2016 और 2020 की कांस्य पदक विजेता है और अनुभव तथा गहराई के मेल के साथ बेहतर स्थिति में दिख रही है। इस टीम में वही मुख्य खिलाड़ी हैं जिनकी मौजूदगी में टीम ने 2022 में थॉमस कप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था और अब उन पर अच्छा प्रदर्शन दोहराने की जिम्मेदारी होगी। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन की अगुवाई वाली इस टीम में दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय भी शामिल हैं। ये तीनों विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता हैं। लक्ष्य अच्छी फॉर्म में हैं। उन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता था और हांगकांग ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। श्रीकांत भी मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन प्रणय मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं।*




# नासा के परसेवरेंस रोवर ने रचा इतिहास, एआई की मदद से मंगल ग्रह पर चलाई गाड़ी, भारतीय वैज्ञानिक वंदी वर्मा का बड़ा योगदान

## रोवर को चलाने के लिए पृथ्वी से करना पड़ती है बड़ी प्लानिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


आज के आधुनिक युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई हमारे भविष्य का एक अहम हिस्सा बन चुका है। इसी तकनीक का इस्तेमाल करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी अंतरिक्ष संस्था नासा ने एक ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। नासा के परसेवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह की मुश्किल सतह पर बिना किसी मानवीय निर्देश के पूरी तरह एआई की मदद से खुद गाड़ी चलाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। आमतौर पर मंगल ग्रह पर रोवर को चलाने के लिए पृथ्वी पर बैठे वैज्ञानिकों को उसके हर कदम की बारीकी से प्लानिंग करनी पड़ती है। लेकिन 8 और 10 दिसंबर को हुए परीक्षण में इस रोवर ने बिना किसी मानवीय मदद के अपना रास्ता खुद तय करके सबको चौंका दिया। अंतरिक्ष विज्ञान की दुनिया में यह पहली और सबसे बड़ी घटना है, जहां किसी रोवर ने बिना किसी निर्देश के खुद फैसला लेकर अपनी यात्रा पूरी की है। इस पूरे मिशन का नेतृत्व नासा की जेपीएल ने किया है। इस ऐतिहासिक सफलता पर जेपीएल की वरिष्ठ इंजीनियर और भारतीय मूल की वंदी वर्मा ने बताया कि जनरेटिव एआई अब अंतरिक्ष की दुनिया को बदलने वाला है।

*मंगल ग्रह पृथ्वी से लगभग 22.5 करोड़ किमी दूर*

*दूरी की वजह से सिग्नल काफी देरी से पहुंचते हैं*

*दिसंबर में हुए परीक्षण के दौरान रोवर ने जनरेटिव डेटा और तस्वीरों का विश्लेषण किया*

### रोवर खुद सुरक्षित फैसले लेता है



चूंकि मंगल ग्रह पृथ्वी से लगभग 22.5 करोड़ किलोमीटर दूर है इसलिए वहां सिग्नल पहुंचने में काफी देरी होती है। इस चुनौती को हल करने के लिए वैज्ञानिकों ने रोवर में 'जनरेटिव एआई' तकनीक का इस्तेमाल किया है। इस तकनीक की मदद से रोवर ने पुराने मिशनों के डाटा को खुद समझा और इंसानों की तरह ही तस्वीरों के आधार पर अपने रास्ते के बिंदु (वेपॉइंट्स) तय किए। अब यह रोवर दुर्गम और ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलने के लिए किसी इंसान के निर्देश का इंतजार करने के बजाय खुद सुरक्षित फैसले ले सकता है।

### तकनीकी क्षमताएं अब काफी आगे बढ़ चुकीं

नासा प्रमुख जेरेड इसाकमैन के अनुसार, यह सफलता दिखाती है कि हमारी तकनीकी क्षमताएं अब काफी आगे बढ़ चुकी हैं। इस तरह की 'सेल्फ-ड्राइविंग' तकनीक न केवल भविष्य के मिशनों को पहले से बेहतर बनाएगी, बल्कि पृथ्वी से सिग्नल मिलने में होने वाली देरी के बावजूद रोवर को मुश्किल रास्तों पर तेजी से फैसले लेने में मदद करेगी।

## खबर संक्षेप

### दलाई लामा को मिला पहला ग्रैमी अवॉर्ड



**मुंबई।** दुनिया को शांति, करुणा और अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा ने अब संगीत और कला की दुनिया के सबसे बड़े मंच पर अपनी जीत का परचम लहराया है। लॉस एंजेलिस में आयोजित 68वें वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार समारोह में दलाई लामा ने अपना पहला अवॉर्ड जीता है।

### वांगचुक लद्दाख को बांग्लादेश बना रहे थे



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

### नस्लवाद में अंधे हुए नॉर्वे के डिप्लोमेट



**वॉशिंगटन।** हाल ही में जारी किए गए जेफरी एप्स्टीन से जुड़े दस्तावेजों में एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। इन दस्तावेजों में ऐसा खुलासा हुआ है, जो बताता है कि यूरोप में नस्लवाद की जड़ें कितनी गहरी हैं। इस दस्तावेज में नॉर्वे के पूर्व राजनयिक टेर्जे रोड लार्सन सो कॉल्ड तौर पर भारतीयों के खिलाफ की गई एक आपत्तिजनक और नस्लवादी टिप्पणी का जिक्र है। यह जानकारी तब सामने आई जब रूस के सरकारी मीडिया संस्थान आरटी ने इस ईमेल को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। आरटी की ओर से शेयर किए गए दस्तावेज के मुताबिक यह टिप्पणी एक ईमेल में दर्ज है, जो कथित तौर पर टेर्जे रोड लार्सन ने 25 दिसंबर 2015 को कुख्यात सेक्स ऑफेंडर जेफरी एप्स्टीन को भेजी थी।

## सिंधु जल संधि पर भारत ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक कहा अंतरराष्ट्रीय कोर्ट का आदेश नहीं मानेंगे

*भारत सिंधु समझौते की सुनवाई में शामिल नहीं होगा*

कहा- यह कोर्ट अवैध है, इसके आदेशों को हम बिलकुल नहीं मानते

आतंकवाद के कारण संधि अस्थायी रूप से निलंबित की गई है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान सिंधु जल संधि पर कोर्ट-कोर्ट खेल रहा है। दूसरी ओर भारत का रूख पहले से ही स्पष्ट है। अब भारत ने सिंधु जल संधि से जुड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के आदेश को स्पष्ट रूप से मानने से इनकार कर दिया है। भारत का कहना है कि यह कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन अवैध रूप से गठित है और इसके आदेशों को भारत मान्यता नहीं देता। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय अदालत ने भारत को निर्देश दिया था कि वह अपने जलविद्युत संयंत्रों के परिचालन रिकॉर्ड (विशेष रूप से बगलिहार और किशनगंगा परियोजनाओं के पोंडेज लॉगबुक) प्रस्तुत करे, ताकि आगे की सुनवाई में इनका उपयोग किया जा सके। अदालत ने 9 फरवरी 2026 तक इन दस्तावेजों को सौंपने या अनुपालन न करने पर औपचारिक स्पष्टीकरण देने का आदेश दिया है। दरअसल, हेग स्थित मध्यस्थता न्यायालय सिंधु जल संधि के ढांचे के तहत नई सुनवाई और दस्तावेज आदेशों के साथ आगे बढ़ रहा है।

### भारत पिछले साल सिंधु जल संधि को स्थगित कर चुका है



*भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता हुआ था। 22 अप्रैल को जम्मू-कशमीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने इस संधि को स्थगित कर दिया था। सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत के पीएम नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए।*

### 5 से 10 फरवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे सेशेल्स के राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई चुनौतियों के बीच इस सप्ताह 5 फरवरी से सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ.पैट्रिक हर्मिनी भारत की छह दिवसीय राजकीय यात्रा पर रहेंगे। जिसमें उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक भी होगी और उसमें दोनों शीर्ष नेताओं के बीच भारत और सेशेल्स के साझा हितों से जुड़े हुए महत्वपूर्ण द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि सेशेल्स के राष्ट्रपति का 5 से 10 फरवरी तक का यह भारत दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें दिए गए निमंत्रण के तहत किया जा रहा है। पिछले साल अक्टूबर महीने में राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालने के बाद की जा रही राष्ट्रपति डॉ. हर्मिनी की यह पहली भारत यात्रा है।

### भ्रष्टाचार के एक मामले में बुरी फंसी शेख हसीना और ब्रिटेन की सांसद ट्यूलिप...



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

12 फरवरी को होने वाले आम चुनावों से ठीक पहले पूर्व अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए खतरे की एक और घंटी बज गई है। बांग्लादेश की एक अदालत ने सोमवार को ढाका के बाहरी पूर्वांचल इलाके में सरकारी आवासीय भूखंडों में अनियमितता के दो अलग-अलग मामलों में हसीना को 10 साल और उनकी भतीजी-ब्रिटेन की एक सांसद और पूर्व मंत्री ट्यूलिप सिद्दीकी को 7 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

**ट्रिब्यूनल दे चुका फांसी की सजा**

यहां बता दें कि पिछले साल ढाका समेत अन्य जगहों पर हुए छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना फिलहाल भारत में शरण लेकर रह रही हैं। अभी उन पर और उनकी पार्टी अवामी लीग पर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले से ही चुनाव लड़ने पर रोक लगा रखी है। इतना ही नहीं छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को जबरन कुचलने और हत्याओं के लिए उकसाने को मानवता के खिलाफ अपराध बताते हुए कुछ समय पहले पड़ोसी देश के एक वैश्विक न्यायिक ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना के खिलाफ सजा-ए-मौत का फैसला सुनाया है।

## वीजा फ्रॉड को लेकर एडवाइजरी जारी

### कनाडा की विदेशी छात्रों को वॉर्निंग 5 साल के लिए एंट्री हो जाएगी बैन

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा में पढ़ने जा रहे स्टूडेंट्स के लिए जरूरी खबर है। यहां की सरकार ने विदेशी छात्रों को स्टडी परमिट का प्रोसेस ध्यान से समझने और इमिग्रेशन को लेकर हो रहे फ्रॉड से सावधान रहने की चेतावनी दी है। 'इमिग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा' (आईआरसीसी) की तरफ से एक एडवाइजरी जारी की गई है, जो स्टडी परमिट से जुड़ी हुई है। इसमें साफ शब्दों में चेतावनी दी गई है कि अगर कोई गलत या भ्रामक जानकारी देता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट हो सकता है और उस पर 5 साल तक का एंट्री बैन लगाया जा सकता है। इसका मतलब है कि विदेशी स्टूडेंट को कनाडा में 5 साल तक घुसने नहीं दिया जाएगा। आईआरसीसी द्वारा जारी एडवाइजरी में स्टडी परमिट के आवेदन से जुड़े नियमों के बारे में बताया गया है। साथ ही ये भी बताया गया है कि किस तरह विदेशी छात्रों को टारगेट करने वाले स्कैम का इस्तेमाल हो रहा है। आईआरसीसी ने कहा कि स्टडी परमिट कनाडा में पढ़ने के लिए मिलता है।



### विदेश मंत्री जयशंकर तीन दिन के अमेरिका दौरे पर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार को तीन दिन के अमेरिकी दौरे पर रवाना हुए। वहां वे महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला पर वाशिंगटन के नेतृत्व में आयोजित मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेंगे। जयशंकर की यह यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इसे दोनों रणनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों में आई गिरावट को दूर करने के अवसर के रूप में देखा जा रहा है। ऐसी उम्मीद है कि मंत्री अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और ट्रंप प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, विदेश मंत्री एस जयशंकर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2 से 5 फरवरी तक संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इसमें कहा गया है कि मंत्रिस्तरीय बैठक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और महत्वपूर्ण खनिजों में रणनीतिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित करेगी। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अमेरिकी प्रशासन के वरिष्ठ सदस्यों के साथ बैठकें भी करेंगे।

## अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन ने कहा

# भारतीय अर्थव्यवस्था की बड़ी ताकत 'विशाल आबादी'

### भारत ने युवाओं को दिए हैं तरक्की के अवसर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने बातचीत में बताया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत उसकी आबादी है। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो अगस्टिन कॉसिनो ने भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत को लेकर कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत लोगों की बहुत बड़ी संख्या है। आप आबादी के मामले में दुनिया के सबसे बड़ा देश हैं, लेकिन मुझे लगता है कि लोगों में टैलेंट और क्रिएटिव होने की संभावना भी है। एक बार जब सरकार ने पाबंदियां, सीमाएं और रेगुलेशन हटा दिए, तो भारतीय लोग बहुत कुछ करने में सक्षम हैं। इसीलिए पिछले दस सालों में या पिछले पंद्रह सालों में, आप इतना आगे बढ़े हैं।



भारत के लिए पीएम मोदी के दृष्टिकोण को लेकर अर्जेंटीना के राजदूत ने कहा, हम विदेश नीतियों और अर्जेंटीना के साथ संबंध पर फोकस कर रहे हैं। लेकिन यह साफ है कि प्रधानमंत्री मोदी को बहुत बड़ी सफलता मिली है क्योंकि देश पिछले दस सालों में छह, सात, आठ फीसदी की दर से बढ़ रहा है। यह एक सफलता है। इसलिए मुझे लगता है कि आर्थिक नीति एक उदाहरण है, और विनियमन में ढील एक उदाहरण है। जब वे अर्जेंटीना गए थे तो मुझे हमारे राष्ट्रपति माइली के साथ मीटिंग में रहने का मौका मिला था और उन्होंने खास तौर पर विनियमन में ढील के बारे में, रेगुलेशन हटाने और लोगों को सरकार से कम से कम रेगुलेशन के साथ खुद से आगे बढ़ने और तरक्की करने का मौका देने के बारे में बात की थी।

**घरेलू खपत के लिए अच्छा तरीका**

अर्जेंटीना के राजदूत से जब पूछा गया कि भारत को और ज्यादा विदेशी निवेश लाने के लिए भविष्य में कौन से सुधार करने चाहिए, तो उन्होंने कहा कि मैं यह कहने वाला कोई नहीं हूं कि भारत को क्या करना चाहिए। यह एक घरेलू नीति है, लेकिन यह सच है कि जब देश अपनी अर्थव्यवस्था खोलते हैं, जब वे विनियमन में ढील देते हैं, जब वे बाहर से ज्यादा प्रोडक्ट ला पाते हैं, तो यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अच्छा है। यह घरेलू खपत के लिए अच्छा है।

### दुबई में फंसे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूर

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों से दुबई गए 14 प्रवासी मजदूर कथित तौर पर वेतन न मिलने और अतिरिक्त काम कराने के दबाव के कारण गंभीर मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इन मजदूरों ने राज्य सरकार से सुरक्षित स्वदेश वापसी की अपील की है। यह जानकारी राज्य प्रवासी नियंत्रण सेल की टीम लीडर शिखा लकड़ा ने दी है।

### बीएलए ने पाक के 200 जवानों को मार डाला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत ने शनिवार को हिंसा की नई लहर देखी, जब बलूचों के विद्रोही समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने एक साथ करीब एक दर्जन जिलों पर धावा बोल दिया। समूह ने दावा किया कि उसके लड़ाकों के साथ मुठभेड़ में पाक सुरक्षाबलों के 200 से ज्यादा जवान मारे गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28